

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,गुरुवार 28 अगस्त 2025 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-5 ■ वर्ष -41 ■ अंक-151 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 29 अगस्त 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## बाढ़ से जूझते बस्तर को मिलेगी हर संभव मदद

### मुख्यमंत्री ने दक्षिण कोरिया से बैठक लेकर कलेक्टरों और प्रभारी सचिव को दिए सख्त निर्देश

**रायपुर,28 अगस्त।** बस्तर संभाग में आई बाढ़ ने हजारों परिवारों की जिंदगी अस्त-व्यस्त कर दी है। कहीं घर बह गए, कहीं मवेशी डूब गए, तो कहीं गांव का गांव पानी में डूबकर बेजान हो गया। हालात पर सीधा नजर रखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को अधिकारियों से कहा– "पीड़ित परिवारों की पीड़ा को कम करना ही प्रशासन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। लोग यह महसूस करें कि सरकार उनके साथ मजबूती से खड़ी है।" मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा के कलेक्टरों से संवाद किया। उन्होंने साफ हिदायत दी कि जिन परिवारों ने अपने घर, पशु या सामान खोया है, उन्हें बिना देर किए राहत राशि दी जाए। क्षतिग्रस्त मकानों की मरम्मत के लिए तिरपाल, बाँस-बल्ली और जरूरी सामग्री तुरंत पहुँचे।




सीएम ने यह भी कहा कि प्रभारी सचिव मौके पर जाकर राहत कार्यों का निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि किसी को भी मदद के लिए भटकना न पड़े।

साय ने साफ शब्दों में कहा कि प्रभावित गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ने, टूटी पुल-पुलियों को दुरुस्त करने और बिजली आपूर्ति बहाल करने का काम "युद्धस्तर" पर होना चाहिए। उन्होंने अफसरों को चेतावनी दी कि राहत कार्यों की रफ्तार में किसी भी तरह की सुस्ती बर्दाश्त नहीं होगी।बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कलेक्टरों को भरोसा दिलाया कि जरूरत पड़ने पर शासन तुरंत अतिरिक्त मदद देगा। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह ने निर्देश दिए कि राहत शिविरों में भोजन, कपड़े और सूखा राशन हर हालत में पर्याप्त मात्रा में रहे। साथ ही स्वास्थ्य शिविर और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता को अनिवार्य बताया। बैठक के दौरान राजस्व सचिव रीना बाबासाहेब कंगाले ने बस्तर की स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रभावित जिलों को अतिरिक्त राशन भेजा जा चुका है और लगातार सामग्री पीड़ितों तक पहुँचाई जा रही है। कलेक्टरों ने भी बताया कि अब पानी उतरने लगा है और हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं इस उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग के सचिव कमलप्रीत सिंह, बस्तर संभाग आयुक्त डोमन सिंह और पुलिस महानिरीक्षक पी. सुन्दरराज भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने अंत में अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा– "यह राहत कार्य नहीं, बल्कि लोगों की जिंदगी बचाने का काम है। इसमें किसी भी तरह की ढिलाई स्वीकार नहीं होगी।"

### विदेश से भी सतत निगरानी

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री साय इन दिनों जापान और दक्षिण कोरिया की यात्रा पर हैं। यह उनका सीएम बनने के बाद पहला विदेश दौरा है। लेकिन राज्य में आपदा की स्थिति को देखते हुए उन्होंने यात्रा के बीच भी बस्तर की स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखी है। अधिकारियों से सीधे संवाद कर उन्होंने यह संदेश दिया कि जनता की चिंता उनके लिए सर्वोपरि है।

## संक्षेप

### यूपी में गंगा-यमुना सहित कई नदियां उफान पर

**प्रयागराज,28 अगस्त।** यूपी के कई जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति है. गंगा और यमुना का जलस्तर हर घंटे बढ़ रहा है, जो टेंशन का सबब बन रहा है. 24 घंटे में गंगा नदी का फाफामऊ में 97 सेमी. और छतनाग में 44 सेंटीमीटर जलस्तर बढ़ा है. वहीं नैनी में यमुना का जलस्तर 24 घंटे में 27 सेमी. बढ़ा है. एक बार फिर से आपदा तंत्र को अलर्ट कर दिया गया है. बता दें कि एक बार फिर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है. सुबह 8 बजे गंगा का फाफामऊ में जलस्तर 84.39 मी, छतनाग में सुबह 8 बजे 83.56 मीटर दर्ज किया गया था. वहीं नैनी में यमुना का जलस्तर 84.09 मीटर दर्ज किया गया. दोनों नदियां डेंजर लेवल से 84.734 से एक मीटर नीचे है. सिंचाई विभाग के कंट्रोल रूम से लगातार मॉनिटरिंग जारी है. NDRF, SDRF और जल पुलिस की तैनाती की गई. वहीं बढ़ते जलस्तर से सबसे ज्यादा असर गंगा और यमुना के तटीय इलाकों में दिखने लगा है. बड़े हनुमान मंदिर के गर्भगृह में पानी भर गया है. संगम के सभी घाट पूरी तरह से जलमग्न हो चुके हैं. कई मोहल्ले और गांव फिर से बाढ़ की चपेट में आ गए हैं. नागवासुकी, बेली कछार, सलोरी, बघाड़ा, राजापुर और बदरा सुनौटी जैसे इलाके एक बार फिर से बाढ़ की चपेट में आने वाले हैं. इन क्षेत्रों के लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी गई है.

### मैक्स हॉस्पिटल में कैशलेस इलाज बंद

**नई दिल्ली ,28 अगस्त ।** देश के प्रमुख अस्पतालों में से एक, मैक्स हॉस्पिटल में हेल्थ इंश्योरेंस के जरिए कैशलेस इलाज कराने वाले लाखों पॉलिसीधारकों के लिए बुरी खबर है। निवा बुपा , स्टार हेल्थ और केयर हेल्थ जैसी बड़ी बीमा कंपनियों ने पूरे भारत में मैक्स हॉस्पिटल की सभी शाखाओं में अपनी कैशलेस सुविधा तत्काल प्रभाव से बंद कर दी है। इस फैसले का मतलब है कि इन कंपनियों की पॉलिसी रखने वाले मरीजों को अब मैक्स अस्पताल में भर्ती होने पर इलाज का पूरा खर्च पहले खुद उठाना होगा। बाद में वे जरूरी बिल और दस्तावेज अपनी बीमा कंपनी में जमा करके खर्च की गई रकम का रीइंबर्समेंट क्लेम कर सकते हैं। बीमा कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि रीइंबर्समेंट के लिए डिस्चार्ज समरी, सभी मेडिकल रिपोर्ट, डॉक्टर के पर्चे, बिल, आधार कार्ड, पैन कार्ड और एक कैंसिल चेक जैसे दस्तावेजों की आवश्यकता होगी।

### एलओसी के पास घुसपैठ की कोशिश नाकाम

**श्रीनगर ,28 अगस्त।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में गुरुवार सुबह भारतीय सेना ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आतंकवादियों को मार गिराया। दोनों आतंकवादी भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे।

सेना की चिनार कॉर्प्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्रवाई जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिली खुफिया सूचना के आधार पर की गई। सेना और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यह सफलता मिली है। सेना के मुताबिक, तैनात सैनिकों ने सीमावर्ती इलाके में संदिग्ध गतिविधियों को भांपा और घुसपैठियों को ललकारा। इसके बाद आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। जवाबी कार्रवाई में दोनों आतंकी मारे गए। हालांकि, क्षेत्र में तलाशी अभियान अब भी जारी है। गौरतलब है कि अगस्त की शुरुआत में भी अखल क्षेत्र में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया था। इसके अलावा, 30 जुलाई को भी सेना ने पुंछ इलाके में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े दो आतंकियों को ढेर कर दिया था।

## यूएस के सांसदों ने ही ट्रंप की लगाई क्लास

**वाशिंगटन,28 अगस्त।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर टैरिफ लगाने का अब उनके देश में ही खुलकर विरोध हो रहा है। दरअसल, डेमोक्रेट्स के अमेरिकी सदन की विदेश मामलों की समिति ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके प्रशासन के भारत को नुकसान पहुंचाने की आलोचना की है। डेमोक्रेट्स सांसदों की इस समिति ने रूसी तेल खरीद को लेकर भारत को निशाना बनाने को गलत ठहराया है। सांसदों का कहना है कि जहां भारत से रिश्तों में सुधार आ रहा था, तब उसपर टैरिफ लगाया गया, वहीं रूस के सबसे बड़े कच्चे तेल निर्यातकों में से एक चीन पर ऐसा कोई दंड नहीं लगाया गया है। डेमोक्रेट्स ने कहा कि भारतीय आयात पर ट्रंप द्वारा लगाया गया 50 प्रतिशत टैरिफ 'अमेरिकियों को नुकसान' पहुंचा रहा है और पिछले दो दशकों से भारत और अमेरिका के रिश्तों में जो सुधार आया था, उसको भी बड़ा नुकसान पहुंचा है। चीन या अन्य देशों द्वारा बड़ी मात्रा में रूसी तेल खरीदने पर प्रतिबंध लगाने के बजाय, ट्रंप टैरिफ लगाकर भारत को निशाना बना रहे हैं, जिससे अमेरिकियों को नुकसान पहुंच रहा है.

## ताइवान की सीमा में घुसे 41 चीनी विमान और 7 पोत !

**ताइपे,28 अगस्त।** ताइवान को लेकर चीनी राष्ट्रपति का क्या योजना है? इस मुद्दे पर अक्सर चर्चा होती रहती है। चर्चा की वजह भी स्पष्ट है। बार-बार चीनी विमान और जहाज ताइवान की सीमा में घुसपैठ करते हैं। एक बार फिर पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के विमान और जहाज दिखाई दिए हैं। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार सुबह 6 बजे तक अपने क्षेत्रीय जलक्षेत्र के आसपास 41 चीनी सैन्य विमानों, सात नौसैनिक जहाजों और एक आधिकारिक जहाज की मौजूदगी का पता लगाया। मंत्रालय के अनुसार, 41 विमानों में से 21 ने मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के उत्तरी, मध्य और दक्षिण-पश्चिमी ADIZ (एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन) में प्रवेश किया। ADIZ वह क्षेत्र है जहां प्रवेश करने वाले विमानों की पहचान की जाती है ताकि देश



अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सके। रक्षा मंत्रालय ने X पर एक पोस्ट में कहा कि आज सुबह 6 बजे तक ताइवान के आसपास 41 PLA (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी) विमान, 7 PLA नौसेना जहाज और 1 आधिकारिक जहाज देखे गए। इनमें से 24 विमानों ने मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के उत्तरी, मध्य और दक्षिण-पश्चिमी ADIZ में प्रवेश किया। हमने स्थिति पर नजर रखी और उचित जवाब दिया। गौरतलब है कि बुधवार को भी ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने PLA के 23 विमानों, 7 PLA नौसेना जहाजों और एक आधिकारिक जहाज को अपने क्षेत्र के आसपास देखे थे। मंत्रालय ने कहा कि 23 विमानों में से 16 ने मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी ADIZ में प्रवेश किया।

### करोड़पति कारोबारी ने पत्नी-बेटे संग दी जान

**शाहजहांपुर ,28 अगस्त ।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक 35 वर्षीय करोड़पति कारोबारी ने अपनी पत्नी और 4 साल के मासूम बेटे के साथ आत्महत्या कर ली। इस खौफनाक कदम को उठाने से पहले कारोबारी की पत्नी ने अपनी मां को व्हाट्सएप पर 36 पन्नों का एक सुसाइड नोट भेजा, जिसमें इस सामूहिक आत्महत्या के पीछे की दर्दनाक वजह बयां की गई है। यह दुखद घटना शाहजहांपुर के पॉश इलाके दुर्गा एन्क्लेव की है। बुधवार सुबह जब करोड़पति हैंडलूम कारोबारी सचिन ग्रोवर (35) के घर पर कोई हलचल नहीं हुई.

## स्वदेशी अपनाओ, आत्मनिर्भर भारत बनाओ: रामदेव

**नई दिल्ली,28 अगस्त।** योग गुरु स्वामी रामदेव ने भारतीय वस्तुओं पर 50% अमेरिकी टैरिफ लगाने का कड़ा विरोध किया है और अमेरिकी कंपनियों के राष्ट्रव्यापी बहिष्कार का आह्वान किया है। रामदेव ने कहा कि भारतीयों को एप्पल, पेप्सी, मैकडॉनल्ड्स और केएफसी जैसे ब्रांडों के उत्पाद खरीदना बंद कर देना चाहिए। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि इस तरह के बहिष्कार से वाशिंगटन को अपने अनुचित व्यापार उपायों को वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि भारत को घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देकर, नए रोज़गार सृजित करके और रूस, चीन तथा मध्य पूर्व जैसे देशों के साथ साझेदारी बनाकर इस चुनौती को अवसर में बदलना चाहिए। विनिर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में एक वैश्विक केंद्र बनने की भारत की क्षमता पर प्रकाश डालते हुए, रामदेव ने कहा कि दुनिया भारत से जीवन जीने की कला सीखेगी। उनका पूरा बयान यहाँ देखें। रामदेव की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड



ट्रंप द्वारा भारत से आयात पर टैरिफ को दोगुना करके 50 प्रतिशत तक करने के फैसले के कुछ ही घंटों बाद आई है, जो बुधवार को निर्धारित समय पर लागू हो गया। इससे दो शक्तिशाली लोकतंत्रों के बीच संबंधों को गहरा झटका लगा है, जो हाल के दशकों में रणनीतिक साझेदार बन गए थे। भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद के कारण लगाया गया 25 प्रतिशत का दंडात्मक टैरिफ, दक्षिण एशियाई देश से कई आयातों पर ट्रंप द्वारा पहले लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ में जोड़ा गया। इस कदम को "राजनीतिक धौंस, गुंडागर्दी और तानाशाही" बताते हुए, रामदेव ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, "भारतीय नागरिकों को अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ का कड़ा विरोध करना चाहिए। अमेरिकी कंपनियों और ब्रांडों का पूरी तरह से बहिष्कार किया जाना चाहिए।" रामदेव ने लोगों से पेप्सी, कोका-कोला, सबवे, केएफसी या मैकडॉनल्ड्स आउटलेट्स से अमेरिकी खाद्य उत्पाद खरीदना बंद करने का भी आग्रह किया।

### दिल्ली के 20 कॉलेजों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली ,28 अगस्त ।** राजधानी दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में स्थित जीसस एंड मैरी कॉलेज समेत करीब 20 कॉलेजों को ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस धमकी के बाद सभी कॉलेजों में हड़कंप मच गया और प्रशासन ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। धमकी मिलते ही दिल्ली पुलिस ने जांच शुरू की। शुरुआती जांच में पाया गया कि यह धमकी फर्जी है। पुलिस के मुताबिक, ई-मेल भेजने वाले ने अपनी पहचान छिपाने के लिए वीपीएन का इस्तेमाल किया था। हालांकि, मामले को लेकर सतर्कता बरती जा रही है.

## अब स्पीड पोस्ट से भेजे जाएंगे कोर्ट से जुड़े नोटिस और दस्तावेज

**बिलासपुर,28 अगस्त।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अपने नियमों में कुछ जरूरी बदलाव किए हैं. जिसके तहत अब कोर्ट से जुड़े नोटिस और दस्तावेज रजिस्टर्ड डॉक के बजाए सीधे स्पीड पोस्ट से भेजे जाएंगे. इससे नोटिस और दस्तावेजों की डिलीवरी की प्रक्रिया पहले से आसान और पारदर्शी होगी छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अपने नियमों में कुछ जरूरी बदलाव किए हैं. जिसके तहत अब कोर्ट से जुड़े नोटिस और दस्तावेज रजिस्टर्ड डॉक के बजाए सीधे स्पीड पोस्ट से भेजे जाएंगे. इससे नोटिस और दस्तावेजों की डिलीवरी की प्रक्रिया पहले से आसान और पारदर्शी होगी. हाईकोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 225 और 227 के तहत मिले अधिकारों का उपयोग करते हुए नियम 2007 में बदलाव किया है. आदेश के मुताबिक, नियम 142(2), 160(1), 167, 301 और 326 में अब रजिस्टर्ड डाक की जगह स्पीड पोस्ट शब्द रखा गया है. वहीं, नियम 163(1) से रजिस्टर्ड डाक पावती शब्द हटा दिए गए हैं, जिसमें अब केवल पावती रहेगा. इसी तरह नियम 340 (1) में भी अब स्पीड पोस्ट का उपयोग किया जाएगा. इसके लिए हाईकोर्ट ने नोटिफिकेशन जारी किया है. नई व्यवस्था से नोटिस और दस्तावेजों के डिलीवरी की प्रक्रिया पहले से तेज और पारदर्शी होगी. इसके साथ ही न्यायिक कार्यवाही में भी तेजी आएगी. नई व्यवस्था से हाईकोर्ट में न्यायिक प्रक्रिया तेजी से निपटाई जा सकेगी.

### दो विशेष अदालतों को मिले नए जज हाईकोर्ट ने जारी किया आदेश

**बिलासपुर,28 अगस्त।** बिलासपुर हाई कोर्ट ने सीबीआई स्पेशल कोर्ट और रेलवे कोर्ट में जजों की नियुक्ति कर दी है। इस संबंध में हाई कोर्ट ने दो अलग-अलग आदेश जारी किया है। सीबीआई स्पेशल कोर्ट के जज के रूप में सुरेश टप्पो, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी व रेलवे कोर्ट के जज के पद पर मयंक सोनी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की नियुक्ति कर दी है। सीबीआई स्पेशल कोर्ट का मुख्यालय रायपुर रहेगा। रेलवे कोर्ट के स्पेशल जज के कार्यक्षेत्र का निर्धारण हाई कोर्ट ने कर दिया है। जारी आदेश के तहत छत्तीसगढ़ के बिलासपुर,रायपुर, महासमुंद, धमतरी, बलौदाबाजार, दुर्ग, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव एवं कबीरधाम (कवर्धा) जो सिविल जिलों की सीमाओं के अंतर्गत स्थित है, में होने वाले अपराधों की जांच एवं विचारण की शक्ति दी गई है।

## संभल में 78 साल में 30% घटी हिन्दुओं की आबादी

**लखनऊ,28 अगस्त।** संभल में 24 नवंबर को हुई हिंसा पर तैयार करीब 450 पन्नों की विस्तृत रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंप दी गई है. तीन सदस्यीय समिति ने यह रिपोर्ट तैयार की है. इसमें कई चौंकाने वाली बातें हैं. रिपोर्ट में कहा गया है कि संभल नगरपालिका क्षेत्र में 1947 में 45 फीसदी आबादी थी, जो अब 2025 में 15 फीसदी रह गई है. यानी 30 फीसदी हिन्दू जनसंख्या पिछले 78 सालों में घटी है. रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि संभल आतंकियों का अड्डा बन गया है. यहां आजादी के बाद से 15 दंगे हुए हैं. 24 नवंबर को हुए दंगे पर रिपोर्ट में कहा गया है कि साजिशकर्ता को ये पता था कि वहां सर्वे होना है. प्रशासन ने संभल जामा मस्जिद के प्रबंधन को बताया था कि वहां सर्वे होना है. संभवतः वहीं से सर्वे की



बात लीक हुई और भीड़ जुटी. वहां अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों का अड्डा बन गया है. रिपोर्ट के मुताबिक, इसमें पिछले दंगों की तिथियां, उनमें हुई जनहानि, प्रशासनिक कार्रवाई और उसके बाद की स्थिति का भी पूरा विवरण शामिल किया गया है. सूत्रों के हवाले से संभल कमेटी की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है कि 24 नवंबर 2024 की हिंसा पूर्वनियोजित और षड्यंत्र का नतीजा थी. नमाजियों को उकसाने के लिए सांसद जिया-उर-रहमान बर्क ने कहा था कि हम इस देश के मालिक हैं. सांसद ज़िया-उर-रहमान बर्क, विधायक के पुत्र सुहैल इक़बाल और इंतेज़ामिया कमेटी के पदाधिकारी मुख्य भूमिका में थे. आरोप है कि संभल जामा मस्जिदकी इंतेज़ामिया कमेटी ने मिलकर साजिश रची. 22 नवंबर को नमाजियों को संबोधित करते हुए सांसद जिया-उर-रहमान बर्क ने भड़काऊ भाषण दिया था. उन्होंने कहा था, 'हम पुलिस प्रशासन सरकार से दबने वाले थोड़ी हैं, अरे हम इस देश के मालिक है नौकर, गुलाम नहीं हैं". मैं खुले रूप से कह रहा हूं कि, मस्जिद थी, मस्जिद है, इंशा-अल्ला मस्जिद रहेगी कयामत तक. जिस तरह अयोध्या में हमारी मस्जिद ले ली गई, वैसा यहाँ नहीं होने देंगे.' यह रिपोर्ट पहले राज्य कैबिनेट के समक्ष पेश की जाएगी. कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद आगामी विधानसभा सत्र के दौरान इसे सदन में रखा जाएगा.

## अधिकतर याचिकाएं आस्था से नहीं, अहंकार से प्रेरित: हाईकोर्ट

**चेन्नई,28 अगस्त।** ईश्वर के नाम पर होने वाली राजनीति पर मद्रास हाईकोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा है कि ईश्वर प्रतिद्वंद्विता के साधन नहीं, बल्कि एकता, शांति और आध्यात्मिक उत्थान के प्रतीक हैं। अदालत ने विनायक चतुर्थी के दौरान भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना के लिए कई याचिकाएँ दायर करने पर ये टिप्पणी की और कहा कि दायर कई याचिकाएं आस्था से नहीं, बल्कि अहंकार से प्रेरित हैं। जस्टिस बी. पुगलेंधी की पीठ ने कहा, "यह अदालत कुछ मामलों में अंतर्निहित प्रेरणाओं को नजरअंदाज नहीं कर सकती। वर्तमान में दायर अधिकांश याचिकाएं वास्तविक धार्मिक मंशा की बजाय अहंकार के टकराव और आर्थिक प्रभाव जमाने की इच्छा से प्रेरित प्रतीत होते हैं। यह न्यायालय व्यक्तिगत बदला लेने या सामाजिक प्रभुत्व प्रदर्शित करने के लिए ईश्वर को शामिल करने की प्रथा की कड़ी निंदा करता है। ईश्वर प्रतिद्वंद्विता के साधन नहीं हैं; वह एकता, शांति और आध्यात्मिक उत्थान के प्रतीक है।"

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, हाई कोर्ट ने इस तथ्य पर भी संज्ञान लिया कि जहाँ गली-मोहल्लों में स्थित मंदिर साल भर उपेक्षित रहते हैं, वहीं त्योहारों के दौरान विशाल मूर्तियाँ स्थापित करने के व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। कोर्ट ने कहा, "यह विरोधाभास भक्तों को आत्मचिंतन करने के लिए प्रेरित करता है। सच्ची भक्ति भव्यता में नहीं, बल्कि पूजा स्थलों के प्रति निरंतर श्रद्धा और रखरखाव में निहित है।" हाई कोर्ट ने कहा कि यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि उत्सवों के दौरान स्थापित की गई मूर्तियों से सार्वजनिक अशांति या पर्यावरण विनाश न हो। कोर्ट ने कहा, "ईश्वर की भक्ति से मनुष्य को अशांति या प्रकृति का विनाश नहीं होने दिया जा सकता। सच्ची पूजा सद्भाव में निहित है - शांति और व्यवस्था के माध्यम से समुदायों के बीच सद्भाव, और पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से सृष्टि के साथ सद्भाव।"



कोर्ट ने इस बात पर भी अचरज जताया कि कई याचिकाकर्ताओं ने मूर्तियाँ स्थापित करने के लिए अंतिम समय में आवेदन दिए थे, जिससे अधिकारियों के पास यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत कम समय बचा कि अगर अनुमति दी जाती है तो पर्यावरण और सार्वजनिक व्यवस्था की आवश्यकताओं का पालन किया जा सकेगा या नहीं। न्यायालय ने कहा, "अंतिम समय में प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जा सकता, खासकर जब उनमें सार्वजनिक स्थापनाएँ शामिल हों जिनके लिए कई विभागों के बीच समन्वय की आवश्यकता हो।" हालांकि, कोर्ट ने ऐसे आवेदनों पर निर्धारित तरीके से कार्रवाई न करने या चुनिंदा अनुमतियाँ देने के लिए अधिकारियों की आलोचना भी की।

दरअसल, तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इसलिए गणेश प्रतिमाओं की स्थापना कर धार्मिक गोलबंदी करने का इसे एक साधन बनाया जा रहा था और इसी कड़ी में कई आयोजकों ने चेन्नई में पंडाल निर्माण और मूर्ति स्थापना के लिए चेन्नई पुलिस से इजाजत मांगी थी लेकिन कई आवेदनों को पुलिस ने खारिज कर दिया था। इसके खिलाफ कई संगठन हाई कोर्ट पहंचे थे। कोर्ट ने सभी याचिकाओं पर एक-एक कर फैसला लेने का आदेश दिया है और अंतिम क्षण में दिए आवेदनों को खारिज कर दिया है।

### नेपाल के रास्ते घुसे जैश-ए-मोहम्मद के तीन पाकिस्तानी आतंकी

**पूर्णिया।** बिहार पुलिस मुख्यालय ने राज्य में हाई अलर्ट जारी किया है, क्योंकि खुफिया एजेंसियों को पता चला है कि जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े तीन पाकिस्तानी आतंकवादी नेपाल के रास्ते बिहार में घुस आए हैं। इन आतंकियों की पहचान हसनैन अली (रावलपिंडी), आदिल हुसैन (उमरकोट) और मोहम्मद उस्मान (बहावलपुर) के रूप में हुई है। नेपाल की सीमा के रास्ते जैश के तीन आतंकियों के बिहार की सीमा मैं दाखिल होने को लेकर राज्य पुलिस मुख्यालय ने सीमावर्ती जिलों को किया अलर्ट। सीमावर्ती जिलों के एसपी को किया गया सतर्क।


# शहर में गणेशोत्सव की धूम, 1008 नारियल महागणपति हवन में उत्साह से शामिल हुए श्रध्दालु

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 28 अगस्त।** गणेशोत्सव का महापर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। बुधवार गणेश चतुर्थी से ही शहर में गणेशोत्सव की धूम देखने को मिल रही है। गणेश चतुर्थी के शुभ मुहूर्त पर बुधवार को घरों से लेकर पूजा पंडालों एवं मंदिरों तक गणेश प्रतिमाओं की विधि विधान से स्थापना की गयी एवं गणपति को भोग लगाए लगाए गए। प्रतिमाएं लाते समय गणेशोत्सव समितियों का उत्साह देखने लायक था। बाजे-गाजे एवं धूम धड़ाके की साथ नाचते-गाते लोगों का समूह जुलूस की शक्ल में पूजा पंडालों तक प्रतिमाओं को लेकर पहुंचा जहाँ गणपति बाप्पा मोरिया के गगनभेदी जयकारों के साथ गणपति बप्पा का स्वागत गान किया गया। विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा भव्य प्रतिमाओं की स्थापना कर पूजा-अर्चना की जा रही है। भजन, कीर्तन, हवन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धालु इस उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। विभिन्न मंडलों और समाजों द्वारा भगवान गणपति की भव्य प्रतिमाएँ स्थापित कर पूजा-अर्चना की जा रही है।

इसी क्रम में श्री नारायण गुरु धर्म समाजम, सेक्टर-4 द्वारा विशेष 1008 नारियल अष्ट द्रव्य महागणपति हवन का आयोजन किया गया। जिसमें भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं समाजसेवी इंद्रजीत सिंह छोटू के साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इसमें भाग लेकर भगवान गणपति से सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। समाजम के अध्यक्ष वी. के. बाबू, महासचिव टी. यू. सुनील कुमार, उपाध्यक्ष सी. बीजू सहित पदाधिकारी एवं सदस्य पूरे आयोजन में सक्रिय रहे। भक्तिमय माहौल में गूंजते गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। गणेशोत्सव के तहत आगामी दिनों में भी विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शहरवासियों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।



**कवर्धा।** गांव में नेउरगांवखुर्द में गणेश भगवान की मूर्ति विराजित



**कवर्धा।** घर घर में विराजे गणेश।

## एक नजर

### सिरसा अंडर ब्रिज मरम्मत के लिए सड़क यातायात 4 दिन रहेगा बंद

**भिलाई, 28 अगस्त।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर रेल मंडल के अंतर्गत स्थित सिरसा अंडर ब्रिज (भिलाई-3) को मरम्मत कार्य हेतु अस्थायी रूप से बंद किया गया है। रेल प्रशासन ने जानकारी दी है कि 28 अगस्त सुबह 8 बजे से लेकर 31 अगस्त शाम 6 बजे तक इस अंडर ब्रिज पर सड़क यातायात पूरी तरह बंद रहेगा। अधिकारियों के अनुसार अंडर ब्रिज की मरम्मत कार्य रेल यातायात एवं यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से अति आवश्यक है। इस दौरान वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से संचालित करने की अपील की गई है।

### चाकू दिखाकर आमलोगों को डरा रहा बदमाश पकड़ाया

**दुर्ग, 28 अगस्त।** जिले की थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने शिवनाथ नदी रोड जैन मंदिर रोड में आमजनो को धारदार चाकू दिखाकर डरा धमका रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग पुलिस को दिनांक 25.08.2025 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि रात्रि के समय शिवनाथ नदी रोड जैन मंदिर रोड के पास एक व्यक्ति धारदार चाकू लेकर आने-जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है, मौके पर दुर्ग पुलिस द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम तामेश्वर उर्फसोनू निवासी डिपरा पारा कुआ चौक दुर्ग का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से एक धारदार चाकू को गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली दुर्ग में धारा 25 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर पेश किया गया।

### गणेश चतुर्थी महोत्सव के लिए यातायात पुलिस की बैठक एवं दिशा-निर्देश

**दुर्ग, 28 अगस्त।** नेहरू नगर, दुर्ग स्थित यातायात कार्यालय में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात), दुर्ग की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में महोत्सव के दौरान यातायात प्रबंधन, मार्ग विचलन योजना, भीड़ नियंत्रण व्यवस्था तथा पार्किंग प्रबंधन पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए, ताकि त्योहार अवधि में आमजन की सुरक्षा तथा यातायात की सुगमता सुनिश्चित की जा सके। बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय निम्नानुसार हैं गणेश प्रतिमाओं की स्थापना एवं विसर्जन स्थलों के आसपास अतिरिक्त यातायात पुलिस बल की तैनाती। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में रूट डायवर्सन प्लान लागू कर यातायात का सुव्यवस्थित संचालन। आयोजन स्थल एवं मुख्य मार्गों के निकट पर्याप्त पार्किंग जोन्स चिन्हित कर नियंत्रित पार्किंग व्यवस्था।आपातकालीन सेवाओं आदि के लिए स्वतंत्र मार्ग सुरक्षित रखना।

### विधायक चंद्राकर ने रुआबांधा में किया नवनिर्मित डोम शेड का लोकार्पण किया

**दुर्ग, 28 अगस्त।** दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर की पहल पर रूआबांधा सेक्टर वार्ड क्रमांक 06 गणेश ग्राउंड में डोम शेड निर्माण कराया गया जिसका आज लोकार्पण विधिवत् पूजा अर्चना जनता को समर्पित किया गया। जिसकी लागत राशि 14.62लाख रुपए की है। इस डोम शेड के लिए वार्ड वासियों ने विधायक ललित चंद्राकर का आभार जताया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर क्षेत्रवासियों को तीजा पोरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी और बताए कि डोम शेड निर्माण का मांग बरसो से था आज पूरा करते हुए मुझे खुशी हो रहा है अब इस शेड का उपयोग विभिन्न कार्यक्रमों में किया जाएगा।

## पुलिस ने सुलझाई ट्रैक्टर ड्राइवर के अंधे कत्ल की गुत्थी

# पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की थी हत्या, साक्ष्य छुपाने 15 किमी दूर दिया था घटना को अंजाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 28 अगस्त।** नगपुरा चौकी अंतर्गत ट्रैक्टर ड्राइवर के अंधे कत्ल की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने त्रिनयन ऐप की मदद से लगभग 500 सीसीटीवी कैमरा खंगाले तब आरोपी पकड़ में आए मृतक की पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर साक्ष्य छुपाने की नीयत से 15 किलोमीटर दूर घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी हरपाल सिंह उर्फछोटू एवं आरोपी श्रीमती अंजनी ठाकुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि 24 अगस्त को पुलिस चौकी नगपुरा स्थित आंवला बाडी में एक 40-45 वर्ष का अज्ञात व्यक्ति का शव मिला अज्ञात मृतक के पहचान के लिए कंट्रोलरूम के माध्यम से अन्य जिलों में रेडियो मैसेज कराया गया व साइबर प्रहरी

पुलिस की जांच में हुआ प्रेम संबंध का खुलासा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) ने बताया कि आरोपी के संबंध में मुखबीर लगाकर आसपास के क्षेत्रों में पूछ ताछ कर तलाश की जा रही थी। तभी सूत्रों से पता चला कि मृतक की पत्नी श्रीमती अंजनी ठाकुर आंगनबाड़ी कर्मचारी का प्रेम संबंध हरपाल सिंह राजपूत उर्फ छोटू निवासी सरस्वती नगर वार्ड नं. 34 दुर्ग के साथ है। उसका अंजनी ठाकुर के घर आना जाना और काफी घनिष्ठता है।

संदेही हरपाल सिंह राजपूत उर्फ छोटू से पूछताछ की तो उसने मृतक धनेश ठाकुर की पत्नी श्रीमती अंजनी ठाकुर से विगत 25 वर्षो से प्रेम संबंध होना स्वीकार किया। अंजनी का पति धनेश ठाकुर शराब पीने का आदी था जो पिछले दो माह से काम पर नहीं जा रहा था। घर पर ही रहता था और शराब पीने के लिए अपनी पत्नी से पैसा मांगता था। नहीं देने पर गाली गलौज करता था और हमेशा घर पर ही रहता था दोनों ने रास्ते से हटाने की बनायी थी योजना मृतक के घर पर रहने से अंजनी और हरपाल सिंह को मिलने जुलने में दिक्कत हो रही थी। इसके कारण अंजनी और हरपाल ने मिलकर धनेश ठाकुर को रास्ते से हटाने की योजना बनायी और योजनानुसार हरपाल ने 22 अगस्त को अंजनी ठाकुर के एक्टीवा में धनेश ठाकुर को बैठाकर शराब पिलाने के बहाने करीब 11 बजे नगपुरा आंवला बगीचा ले गया और वहां धनेश ठाकुर को शराब पिलाया शराब के नशे में धनेश के मदहोश होने पर हरपाल ने वहां पर पड़े ठोस पत्थर को धनेश के सिर में पीछे तरफ पटकर चोट पहुंचा कर हत्या कर दी के माध्यम से भी फोटो वायरल किया गया।

उसी बीच एक महिला अंजनी ठाकुर नाम की आई जो अज्ञात मृतक को अपना पति धनेश ठाकुर होना बताया इसके आधार पर चौकी नगपुरा थाना पुलगांव में मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई कर शव का पीएम कराया गया। शॉर्ट पीएम में मृतक की मौत किसी ठोस वस्तु से चोट लगने से होना बताया।

## समाचार संक्षेप

### म्यूल खातों में प्राप्त रकम को चेक से निकालने वाली महिला गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 28 अगस्त।** ऑनलाइन ठगी की रकम होना जानते हुए भी अपने बैंक खाता में म्यूल अकाउंटो में प्राप्त रकम को चेक के माध्यम से निकालने वाली एक महिला को कुम्हारी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है कुम्हारी पुलिस ने बताया कि आरोपी निशा बेहरा ने अपने एसबीआई के खाता को 10 हजार रुपए कमीशन पर फेरीवाले को उपलब्ध कराकर कपट पूर्वक बेईमानी कर साइबर ऑनलाइन ठगी की रकम 4 लाख 50 हजार रुपए अपने खाता में प्राप्त कर ठगी की रकम को अपने चेक से निकालकर फेरीवाले से 10 हजार रुपए कमीशन प्राप्त करने वाले म्यूल खाता धारक आरोपी निशा बेहरा निवासी डीएमसी तालाब पार कुम्हारी का बैंक पासबुक, पैन कार्ड, चेक बुक जब्त कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है वहीं एक अन्य आरोपी फेरीवाले की तलाश जारी है।

### निगरानी बदमाश की बाथरूम में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 28 अगस्त।** स्मृतिनगर चौकी क्षेत्र के कोहका में थाने के एक निगरानी बदमाश की घर के बाथरुम में शव मिलने से सनसनी फैल गई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची पंचनामा कर शव को मरच्युरी भेज दिया है पुलिस ने बताया कि कोहका निवासी प्रेमलाल चौहान उर्फ प्रेमा (55 साल) का शव मिलने की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं एफएसएल के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारण का पता चल पाएगा।

# सम्मानित किए गए डॉ. शादाब व फारूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 28 अगस्त।** अंजुमन हुसैनिया खुर्सीपार की ओर से युवा अस्थिरोग सर्जन डॉ. मोहम्मद शादाब और वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद फारुक का सम्मान उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए किया गया। अंजुमन हुसैनिया की ओर से हर साल 10 दिन तक चलने वाले शोहदाए कर्बला के आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से चुने गए अंचल के प्रमुख लोगों का सम्मान किया जाता है। अंजुमन हुसैनिया के प्रमुख हुसैन अली अशरफी ने बताया कि इस आयोजन में डॉ. शादाब और मोहम्मद फारुक का भी सम्मान होना था। इसे देखते हुए अंजुमन की ओर से इनके निवास जाकर इन्हें सम्मानित किया गया। डॉ. शादाब वर्तमान में शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज-अस्पताल भिलाई में अस्थि रोग सर्जन के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं वर्तमान में दूरदर्शन के स्थानीय प्रतिनिधि मोहम्मद फारुक विगत तीन दशक से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं। सम्मान के दौरान डॉ. शादाब के पिता और प्रख्यात चिकित्सक डॉ. लाल मोहम्मद, साहित्यकार अब्दुल कलाम, लेखक व पत्रकार मुहम्मद जाकिर हुसैन व अन्य उपस्थित थे।

## विपत्तिग्रस्त परिजनों को मिली 4-4 लाख की आर्थिक सहायता

**कवर्धा, 28 अगस्त।** कबीरधाम जिले के तहसील सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम अचानकपुर में एक माह पूर्व घटित दर्दनाक हादसे में दो मासूम बच्चों की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इस दुखद घटना से पीड़ित परिजनों को राज्य सरकार की संवेदनशीलता और त्वरित प्रशासनिक कार्यवाही के तहत आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा प्रकरण का नियमानुसार परीक्षण कर राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) 6-4 के अंतर्गत प्रत्येक पीड़ित परिवार को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई। भुगतान की अनुमति मिलते ही आज अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सहसपुर लोहारा श्रीमती शिल्पा देवांगन ने स्वीकृति पत्र परिजनों को प्रदान किया।

आर्थिक सहायता प्राप्त करने वालों में स्वर्गीय आशु धुर्वे (उम्र 6 वर्ष) की माता श्रीमती शिवबती पति राजू धुर्वे, निवासी ग्राम अचानकपुर और स्वर्गीय भारत कुमार साहू (उम्र 12 वर्ष) के पिता थानूराम साहू पिता विष्णु साहू, निवासी ग्राम अचानकपुर है। इस अवसर पर तहसीलदार सहसपुर लोहारा विवेक गोहिया, नायब तहसीलदार नागेश ताजय एवं हुलेश्वर कुमार पटेल भी उपस्थित रहे।

# रौनियार समाज ने किया तीज मिलन का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 28 अगस्त।** रौनियार समाज ने कैलाश नगर में तीज मिलन महोत्सव का आयोजन किया। समाज की महिलाओं ने भजन-वंदन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की और पारंपरिक वेशभूषा में झूला रस्म, लोकगीत, समूह नृत्य व मनोरंजक खेल प्रस्तुत कर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। मुख्य अतिथि प्रमिला गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करना और एकता स्थापित करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता पर बल दिया। कार्यक्रम में प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं, जिसमें ज्ञान्मय देवी और रीना गुप्ता एक मिनट गेम में विजेता रहीं। वहीं तीज क्वीन का खिताब प्रमिला गुप्ता और रीना गुप्ता ने जीता। महोत्सव में पूनम गुप्ता, सुनीता देवी, पूजा देवी, सरिता देवी, लक्ष्मीना देवी, संतोषी गुप्ता, सोनी गुप्ता, सलोनी गुप्ता, मंजू गुप्ता, फलिलिता देवी, लक्ष्मी देवी, बसंती देवी, गुड़िया देवी सहित समाज की बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

## शटर तोड़कर किराना दुकान में चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 28 अगस्त।** उतई थाना क्षेत्र के किराना दुकान की शटर तोड़कर चोरी करने वाले ग्राम गनियारी निवासी आरोपी होरी लाल पारधी (28 साल) और अजय पारधी (19 साल) को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उतई टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि डुमरडीह निवासी ममता चंदेल पति मनोज कुमार चंदेल की बस स्टेंड दुकान है। जहां चोरी हो गई थी। आरोपियों के खिलाफ धारा 331(4), 305, 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई।

## सतत यातायात प्रबंधन - मुद्दे और चुनौतियां विषय पर तकनीकी प्रस्तुतीकरण एवं समूह परिचर्चा का आयोजन

# वक्ताओं ने सुरक्षित यातायात के लिए दिया ट्रैफिक इंजीनियरिंग पर बल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 28 अगस्त।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा द्वारा शहरी क्षेत्रों में सतत यातायात प्रबंधन - मुद्दे और चुनौतियां विषय पर तकनीकी प्रस्तुतीकरण एवं समूह परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के पूर्व अपर महानिदेशक दीपक कुमार शर्मा ने की तथा अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल उपस्थित रहे। तकनीकी प्रस्तुतीकरण में डा. सनी देओल, सह प्राध्यापक, एनआईटी रायपुर ने शहरी यातायात की चुनौतियों पर विचार रखे, वहीं श्रीमती ऋचा मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात), दुर्ग-भिलाई ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन पर जानकारी दी। समूह परिचर्चा में विषय विशेषज्ञ उत्पल दत्ता मुख्य महाप्रबंधक, नगर सेवा, संदीप बागडे अपर संचालक, नगर व ग्राम निवेश, प्रदीप गुप्ता कार्यपालन अभियंता, डा. सनी देओल और श्रीमती ऋचा मिश्रा शामिल हुए। परिचर्चा का संचालन अरविन्द रस्तोगी ने किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में स्वागत भाषण में द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) के भिलाई केंद्र के चेयरमैन पुनित चौबे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज के आयोजन का उद्देश्य शहरी यातायात को सरल और सुगम बनाना है। उन्होंने कहा कि आज के शहरों में आवागमन हेतु सड़क एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण अंग है। चौबे ने बताया कि विश्व के प्रथम 5 भीड़ भरे शहरों में भारत के तीन प्रमुख शहर कोलकाता, पुणे तथा बेंगलुरु शामिल हैं जहाँ कि एक स्थान से दूसरे स्थान पहुँचने में औसत से बहुत अधिक समय लगता है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हम भारत के एक ऐसे शहर भिलाई में रहते है जो आज से 60 वर्ष पूर्व अस्तित्व में आया और भिलाई के निर्माताओं ने इतनी बेहतरीन योजना बनाई कि आज भी यहाँ ट्रैफिक सिग्नल के बिना यातायात सुगमता पूर्वक बिना रुकावट के चलता है। अपने उद्बोधन में दीपक शर्मा ने सार्वजनिक परिवहन, साइकिल ट्रैक और पैदल मार्ग को बढ़ावा देने पर जोर दिया। वहीं विजय अग्रवाल एसएसपी दुर्ग ने यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने हेतु पुलिस द्वारा उठाए गए कदमों और ट्रैफिक इंजीनियरिंग पर बल दिया। इस अवसर पर विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों के संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विक्की शाह तथा धन्यवाद ज्ञापन बी.पी. यादव ने किया।



## भारतरत्न अटल विहारी वाजपेयी के जीवन मूल्यों से युवा पीढ़ी लेगी प्रेरणा

**कवर्धा, 28 अगस्त।** छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की मूर्ति का अनावरण किया। मूर्ति का अनावरण उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र संतोष पाण्डेय सहित उपस्थिति अतिथियों ने अटल जी के तैल चित्र में माल्यार्पण कर किया। अटल परिसर लोकार्पण अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने अटल बिहारी जी अमर रहे के जयघोष के नारे लगाये।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की स्मृति में बस स्टेण्ड के पास 30 लाख रू. की लागत से अटल परिसर का निर्माण किया गया है जिसका आज उपस्थिति अतिथियों द्वारा अनावरण किया गया है। उन्होनें बताया कि शासन द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत राशि 30 लाख रुपए से अटल परिसर में अटल जी की प्रतिमा का निर्माण हुआ है जहां आकर्षक लाईट डेकोरेशन के साथ-साथ पेडेस्टल, फ्लोर एवं वॉल में आकर्षक ग्रेनाइट पत्थर लगाकर विद्युत से सुसज्जित किया गया है। अटल बिहारी वाजपेयी का मूर्ति अनावरण पश्चात् उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन, बडा ही पवित्र दिन है और आज के दिन में पूजनीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के विभिन्न आयाम जीवन के उन सब को याद करके हम सब यहां उपस्थित थे।

एक नजर



**सिमगा, 28 अगस्त।** दिगंबर जैन समाज आदि नाथ मंदिर आज जैनीओ का महा पर्व पर्युषण पर्व का पहला दिन हैं आज पहला दिन उत्तम क्षमा धर्म हैं सुबह सभी भगवान की परकछाल किया गया फिर मूल नायक भगवान श्री 1008 भगवान आदि नाथ और 1008 श्री शांति नाथ भगवान का अभिषेक हुआ फिर शांति धारा हुआ फिर सामूहिक समाज द्वारा मंगल आरती की गई सामूहिक पूजन की देव शास्त्र गुरु पूजन चौबीसी पूजन 16 कारण पूजन पंच मेरु पूजन 10 लक्षण पूजन भी की गई दस लक्छण पर्व की जय।

## चयनित महिला नगर सैनिकों को 10 तक उपस्थित होने के निर्देश

**जगदलपुर, 28 अगस्त।** जिले के बालिका आश्रम-छात्रावासों में रहकर अध्ययनरत बालिकाओं के सुरक्षा व्यवस्था हेतु जिले में कुल 130 महिला नगर सैनिकों की भर्ती कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है, जिसमें चयनित सभी अभ्यर्थियों की उपस्थिति मुख्यालय के निर्देशानुसार कार्यालय जिला सेनानी नगर सेना जगदलपुर में 01 से 10 सितम्बर 2025 तक ली जाएगी। जिला सेनानी नगर सेना जगदलपुर द्वारा सभी चयनित अभ्यर्थियों को कार्यालय परिसर में मूल दस्तावेज के साथ अपनी उपस्थिति निर्धारित तिथि तक सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

## कांग्रेस सेवादल के संस्थापक डॉ. एन.एस. हार्डीकर की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**राजनांदगांव, 28 अगस्त।** प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अरुण ताम्रकर के निर्देशानुसार बुधवार 26 अगस्त 2025 को सेवादल के संस्थापक डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डीकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड क्रमांक 10, शीतला माता मंदिर चौक, राजनांदगांव में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शहर जिला कांग्रेस सेवादल के नेतृत्व में सुबह 10 बजे से हुआ। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अमित खण्डेलवाल एवं महिला अध्यक्ष पायल बारमाटे की उपस्थिति में नई सदस्याओं नम्रता रामटेके, किरण स्वरूप, रंजना बागड़े और कुंती वर्मा को कांग्रेस सेवादल की सदस्यता दिलाई गई। कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता पंकज बांधव ने डॉ. हार्डीकर के जीवन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ÷कांग्रेस की विचारधारा से प्रेरणा मिलती है और कांग्रेस सेवादल पार्टी का सबसे मजबूत संगठनात्मक विंग है। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद पूर्णिमा नागदेवे, रिंकू ख़ान, नारायण यादव, क़ादिर खान, राजू रंगारी, यादवराम भीमटे, ढालशिंग, राजू बारमाटे सहित महिला सेवादल, यंग ब्रिगेड, सोशल मीडिया एवं समन्वयक टीम के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डॉ. हार्डीकर के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं सूत की माला पहनाकर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की जानकारी सेवादल के महामंत्री बुधराम साहू ने दी।

## चिरमिरी नगर निगम में कचरा प्रबंधन के लिए 6.26 करोड़ की परियोजना मंजूर

**रायपुर, 28 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन तथा उपमुख्यमंत्री अरुण साव के प्रयासों से स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के तहत चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली है। राज्य स्तरीय तकनीकी समिति की 8वीं बैठक में चिरमिरी नगर पालिक निगम क्षेत्र में सूखे और गीले कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए आधुनिक संयंत्र स्थापित करने तथा संयंत्रों के उन्नयन एवं विकास की योजना को मंजूरी दी गई है। इस परियोजना पर कुल 6 करोड़ 26 लाख 27 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। स्वीकृत परियोजना के तहत सूखे कचरे के लिए उन्नयन एवं विकास हेतु 12 एमआरएफ प्लांट तथा गीले कचरे हेतु 12 नवीन विंड्रो कंपोस्ट प्लांट की स्थापना की जाएगी। संयंत्र निर्माण, उपकरण लागत और अतिरिक्त कार्यों को मिलाकर परियोजना की कुल लागत 4 करोड़ 51 लाख रुपए होगी, जबकि पांच साल के संचालन व संधारण पर 1 करोड़ 75 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस बड़ी पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव का क्षेत्र की जनता की तरफसे आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि इस परियोजना के जरिए चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र में कचरा निस्तारण और रीसाइक्लिंग को नई दिशा मिलेगी। इससे शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने में मदद मिलेगी।

# बलौदाबाजार जिले के 7 खिलाड़ी राज्य स्तरीय मल्लखंब प्रतियोगिता के लिए चयनित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 28 अगस्त।** जिले के 7 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय मल्लखंब प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता कोंडागांव, नारायणपुर (छत्तीसगढ़) में 28 अगस्त से 31 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। चयनित खिलाड़ी बुधवार को राज्य स्तरीय मुकाबले में हिस्सा लेने रवाना हुए। कलेक्टर दीपक सोनी ने प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को बधाई और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी है।जिले के लिए यह बड़ी उपलब्धि है और उम्मीद की जा रही है कि खिलाड़ी राज्य स्तर पर अपने प्रदर्शन से जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

जिला मल्लखंब संघ के तत्वाधान में 25वीं संभाग स्तरीय शालेय मल्लखंब प्रतियोगिता का आयोजन 28 जुलाई को मल्लखंब ट्रेनिंग सेंटर, योग भवन में किया गया था जिसमें गरियाबंद, रायपुर और बलौदाबाजार जिले के लगभग 40 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। बलौदाबाजार जिले से 10 खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया जिनमें से 7 खिलाड़ियों का राज्य स्तर के लिए चयन हुआ। चयनित खिलाडियों में दुष्यंत लहरे, लुकेश्वर मारकंडे, अभिषेक कोसरिया,हरि ओम ढिढि, नरेश गेंदरे, अनाया ठाकुर एवं अंजली यादव शामिल हैं।

इन सभी खिलाड़ियों को जिले के हेड कोच अकलेश नारंग की अगुवाई में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जा रहे हैं।मैनेजर के रूप में बालक शिवकुमार बाघे, राकेश साहू, पुरंदर कोसारीया, प्रीति जलक्षत्रीय, ममता दधीचि, सीमा साहू भी साथ में हैं।

# गौवंशों को गौशालाओं में किया जा रहा है शिफ्ट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 28 अगस्त।** राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम लिटिया में ग्रामीणों के सहयोग से घुमंतू पशुओं से फसल की सुरक्षा से एवं सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए लगभग 30-35 पशुओं के लिए ग्राम के गौठान में चारा-पानी की व्यवस्था की जा रही थी। गौठान में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लगभग 72 पशुओं को दूसरे स्थानों एवं घुमंतू पशुओं को रख दिया गया था। विगत दिनों जिले में लगातार बारिश के चलते गौठान में 4 पशु निमोनिया से पीड़ित हो गए और अचानक उनकी मृत्यु हो गई। पशुधन विभाग के माध्यम से शेष गौवंशों का उचित उपचार किया गया। जिला प्रशासन द्वारा गौवंशों के संरक्षण के लिए यशोदा गौशाला सुकुलदैहान, श्री कृष्ण गौशाला डोंगरगढ़, गौशाला पिंजरापोल, बजरंग दल द्वारा संचालित गौशाला, मां बंजारी गौशाला बरगाही में विस्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम के सहयोग से काऊ कैचर के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से यशोदा गौशाला सुकुलदैहान में 28, गौशाला पिंजरापोल में 10 एवं बजरंग दल द्वारा संचालित गौशाला में 5 गौवंशों को विस्थापित किया गया है। शेष गौवंशों के विस्थापन की कार्रवाई की जा रही है।

## राष्ट्रीय राजमार्ग में बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किसी भी तरह से उचित नहीं:कुलबीर छाबड़ा

**राजनांदगांव, 28 अगस्त।** राष्ट्रीय राजमार्ग के फ्लाई ओव्हर के नीचे बैंडमिटन कोर्ट खेल परिसर देने के लिए बनाए जा रहे कोर्ट किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। डा.रमन सिंह व भाजपा नेताओं द्वारा दबाव डालकर प्रशासन के माध्यम से फ्लाई ओव्हर के नीचे चल रहे रोजगार चाय-ठेले, चॉट-ठेले, गाड़ियों के रिपेरिंग करने छोटे व्यवसायियों को अतिक्रमण है करके हटा कर वहां पर खुद अतिक्रमण कर लिए ये कैसी भाजपा की सोच है कि खिलाड़ी स्टेडियम से बाहर प्रदूषण वाली जगह जो डेंजर जोन जहां कभी भी कोई दुर्घटना होती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। जिसको लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने प्रेसवार्ता ली।

प्रेसवार्ता में शहर अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने बताया कि राजा-महाराजाओं द्वारा अपनी जमीन शहर के विकास व खिलाड़ियों के लिए दान में दे दिया था जिससे की यहां के निवासियों का भला हो सके इसी के तर्ज पर हॉकी की नर्सरी की शुरूआत हुई जहां देश-विदेश के कई दिग्गज खिलाड़ी इस स्टेडियम में अपनी जौहर हूनर दिखा चुके है। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को यहां के जनता ने करीब से देखा है जिस कारण लोग राजनांदगांव को हॉकी की नर्सरी कहते है। खिलाड़ियों के उत्तम खेल के लिए दिग्विजय स्टेडियम का निर्माण कराया था ताकि यहां से अधिक से अधिक होनहार खिलाड़ी निकले और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रौशन करें। नए स्टेडियम बनाने पुराना स्टेडियम को तोड़ा गया जिसमें डा.रमन सिंह के संरक्षण पर भाजपाई ठेकेदार द्वारा यहां से निकले लाखों रूपयों के छड़ लोहे बेचकर जमकर चांदी काटी इसी तरह स्टेडियम निर्माण में भाजपा नेताओं द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया जो उस समय के समाचार-पत्रों में लगातार छाएं रहे। आधे-अधूरे बने स्टेडियम का डा.रमन सिंह द्वारा सन 2018 में उद्घाटन कराकर छोड़ दिया गया।



## निजी आवासीय भवन में धार्मिक गतिविधियों का आयोजन विधिक प्रावधानों का उल्लंघन

### नगर पुलिस अधीक्षक ने ली शांति समिति की बैठक

**राजनांदगांव, 28 अगस्त।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लखोली और नेहरू नगर में एक निजी मकान में कुछ ईसाई धर्म के अनुयायियों द्वारा अधिकृत धर्मस्थल (चर्च) के स्थान पर प्रार्थना सभा आयोजित किए जाने की जानकारी पुलिस प्रशासन को प्राप्त हुई।

बताया गया कि उक्त सभा में लोगों को चंगा करने तथा धर्म प्रचार-प्रसार संबंधी गतिविधियां की जा रही थीं। जिसके संबंध में पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन पर दिनांक 25.08.2025 को नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक द्वारा लखोली और नेहरू नगर के ईसाई धर्म के अनुयायियों का शांति समिति का बैठक लिया गया। नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा कि इस प्रकार की धार्मिक सभा के लिए न तो कोई मास्टर आर्डिनेंस था और न ही वैधानिक अनुमति प्राप्त है इस लिये निजी आवासीय भवन में धार्मिक गतिविधियों का आयोजन विधिक प्रावधानों का उल्लंघन माना जाता है। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और समिति सदस्यों को विधिक प्रावधानों की जानकारी दी गई तथा क्षेत्र में आपसी सद्भाव बनाए रखने की अपील की गई। पुलिस प्रशासन का कहना है कि किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि या कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए सतत निगरानी रखी जा रही है। साथ ही नागरिकों से सहयोग एवं शांति बनाए रखने की अपील की गई है।



## शिक्षक निलंबित

**रायपुर।** संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बिलासपुर ने गंभीर अनियमितताओं के कारण शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लोफंदी में पदस्थ डीलेश्वर प्रसाद कंगण, संकुल समन्वयक एवं शिक्षक एल.बी. को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी, बिलासपुर से प्राप्त जांच प्रतिवेदन में यह सामने आया कि श्री कंगण द्वारा सत्र 2025-26 में किसी भी कक्षा का अध्यापन कार्य नहीं किया जा रहा था और डेली डायरी का नियमित संधारण भी नहीं किया गया। विद्यार्थियों से पूछताछ में भी यह पुष्टि हुई कि वे कक्षाओं में पढ़ाई नहीं कराते थे।

इसके अतिरिक्त, संकुल समन्वयक के दायित्वों की उपेक्षा करते हुए उन्होंने निर्धारित विद्यालयों का नियमित अवलोकन नहीं किया तथा 25 अगस्त 2025 को शासकीय प्राथमिक शाला रामनगर कछार समय से पूर्व बंद पाए जाने की सूचना भी उच्च अधिकारियों को नहीं दी।

## छत्तीसगढ़ महतारी का अपमान कर रही है सरकार : आप

**रायपुर, 28 अगस्त।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने छत्तीसगढ़ में सड़कों की बदहाल स्थिति पर कहा है कि कल रायपुर मंदिरहसौद में ग्राम पंचायत सकरी के बाजार के पास सड़क में बड़े बड़े गड्ढों के कारण बड़ा हादसा हुआ है जिसमें हाईवे असंतुलित होकर छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा से टकरा गई और जिसमें प्रतिमा पूरी तरह टूट गई है जिसकी मुख्य वजह खराब रोड और गड्ढों के कारण यह घटना हुई है जबकि स्थानीय लोगों ने पहले ही सरकार को कई बार रोड की मरम्मत के लिए प्रस्ताव दिया हुआ था। सारी गलती सरकार की है जो सड़क पर पर ध्यान नहीं देती है और जिस तरह से छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा को नुकसान हुआ है, छत्तीसगढ़ महतारी और पूरे प्रदेश के लोगों से सरकार को माफी मांगना चाहिए और जल्द से जल्द छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा वहां पर स्थापित करना चाहिए। प्रदेश महासचिव (मीडिया, सोशल मीडिया प्रभारी, मुख्य प्रवक्ता ) सूरज उपाध्याय ने कहा कि चूंकि केंद्र और राज्य में भाजपा की डबल इंजन सरकार है तो राज्य सरकार को छत्तीसगढ़ के ख़राब नेशनल हाईवे के सुधार हेतु केंद्र के संज्ञान में लाना चाहिए।

## कलेक्टर ने कृषि सेवा केन्द्र का निरीक्षण किया

**महासमुंद 28 अगस्त।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार एवं उप संचालक कृषि श्री एफआर. कश्यप के मार्गदर्शन में बसना विकासखण्ड के किसान कृषि सेवा केन्द्र बंसुला का वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बसना द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम में नेशनल फर्टिलाइजर कंपनी का 51 बोरी यूरिया उर्वरक पाया गया, जिसे ग्राम दूधापाली के 2, बड़ेटेमरी के 1, परसकोल के 3, गढ़पटनी के 1 तथा बड़ेढाबा के 2 कृषकों को उनके रकबा के आधार पर 266 रुपए की दर से वितरण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बसना श्रीमती उषाकांति, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री हरिशंकर कैवर्त्य एवं श्री मुरली पटेल उपस्थित थे।

## रजत महोत्सव : आंगनबाड़ी केंद्रों में हुआ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**जशपुरनगर, 28 अगस्त।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में किया गया। इसके तहत कहीं तीजा पोरा तिहार कार्यक्रम तो कहीं मेगा हेल्थ कैम्प तो कहीं खेल खेल में पोषण ज्ञान गतिविधि का आयोजन किया गया। जहां कांसाबेल परियोजना के अन्तर्गत बटाईकेला सेक्टर में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत तीजा पोरा तिहार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं, पुरुष, बच्चे, कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के संबंध में अंजू चौहान द्वारा जागरूक करते हुए माताओं का सम्मान भी किया गया।

आस्ता परियोजना के अंतर्गत ग्राम के आंगनबाड़ी स्तर पर खेल-खेल में पोषण ज्ञान संबंधी गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसमें पोषण संबंधी गतिविधि का आयोजन कर कार्यक्रम में उपस्थित गर्भवती, शिशुवती महिलाओं अन्य ग्रामीण महिलाओं को सही पोषण आहार लेने की महत्ता के संबंध में जानकारी दी गयी।

दुलदुला विकासखंड में ग्राम मकरीबंधा में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें गर्भवती महिलाओं, ग्रामीण महिलाओं किशोरी बालिकाओं, बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस अवसर पर सभी लोगों की रक्तचाप जाँच, मधुमेह जाँच, हीमोग्लोबिन जांच किया गया। इसमें एनीमिक महिलाओं की पहचान भी की गई। कैम्प में अस्वस्थ महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधित सलाह देते हुए निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गयीं। इस अवसर पर किशोरी बालिकाओं की भी स्वास्थ्य जांच करते हुए उनका वजन, ऊंचाई, हीमोग्लोबिन स्तर का मापन किया गया।

## छत्तीसगढ़ से रामलला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की विशेष ट्रेन रवाना

**रायपुर, 28 अगस्त।** छत्तीसगढ़ सरकार की 'रामलला दर्शन योजना' के अंतर्गत आज अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से श्रद्धालुओं को लेकर विशेष ट्रेन अयोध्या के लिए रवाना हुई। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया और सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि यह योजना आम नागरिकों को धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के दर्शन का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, जिससे आस्था और संस्कृति दोनों को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष श्री अनुराग सिंह देव, सीतापुर विधायक श्री प्रबोध मिंज, लुंड्रा विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा, अंबिकापुर की महापौर श्रीमती मंजुर्षा भगत और श्री भारत सिसोदिया सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक था। 'जय श्रीराम' के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। श्रीमती राजवाड़े ने बताया कि 'रामलला दर्शन योजना' के तहत श्रद्धालुओं को निःशुल्क ट्रेन यात्रा, भोजन और ठहरने की सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर का दर्शन करना हर श्रद्धालु के लिए सौभाग्य का अवसर है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना से पार्वती को मिला पक्का मकान

**नारायणपुर 28 अगस्त।** जिले की निवासी पार्वती पटेल अपने परिवार के साथ वर्षों से एक कच्चे मकान में रह रही थीं। बरसात के मौसम में टपकती छत और मिट्टी की दीवारें उनके जीवन की रोजमर्रा की कठिनाइयों को और बढ़ा देती थीं। पार्वती जी की आय का एकमात्र स्रोत सब्जी बेचने का छोटा व्यवसाय था, जिससे परिवार का गुज़ारा मुश्किल से हो पाता था। आर्थिक तंगी के चलते वे कभी भी पक्का घर बनवाने की सोच नहीं सकीं। लेकिन 2023 में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हुई पहली कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 18 लाख मकानों को स्वीकृति दी गई। इसी के तहत् मोर जमीन मोर मकान अभियान शुरू किया गया, जो पार्वती जी के लिए एक नई उम्मीद लेकर आया।

नगरपालिका परिषद कार्यालय की सक्रिय भूमिका से उन्हें योजना में पंजीकृत किया गया। योजना के तहत केंद्रांश, राज्यांश और हितग्राही अंशदान के माध्यम से मकान निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया सरल और पारदर्शी रही।

कुछ ही महीनों में उनका पक्का मकान बनकर तैयार हो गया। आज पार्वती पटेल अपने परिवार के साथ अपने नए पक्के घर में सुरक्षित, ससम्मान और खुशी-खुशी जीवन व्यतीत कर रही हैं। अब वे न केवल बरसात के डर से मुक्त हैं, बल्कि आत्मविश्वास से भरी नई शुरुआत भी कर चुकी हैं।



## पुलिस महानिरीक्षक ने ली थाना व चौकी प्रभारियों की बैठक

### छोटी घटनाओं को बड़ी वारदातों में तब्दील होने से रोकने दी गई सख्त हिदायत

**बलौदाबाजार, 28 अगस्त।** पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज श्री अमरेश मिश्रा (भा.पू.से) आज दिनांक 27.08.2025 को एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत बलौदाबाजार पहुंचे। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा पुलिस कार्यालय सभाकक्ष में जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों थाना एवं चौकी प्रभारियों की बैठक ली गई। बैठक में 07 राजपत्रित अधिकारी, 14 थाना एवं चौकी प्रभारी सहित 30 की संख्या में पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा पीपीटी के माध्यम से जिले से संबंधित जानकारी बैठक में प्रस्तुत किया गया। श्री अमरेश मिश्रा द्वारा आगामी गणेश चतुर्थी पर्व की तैयारियों एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में दिशा निर्देश दिया गया। कानून व्यवस्था को लेकर उचित आकलन तथा त्वरित निराकरण को लेकर पुलिस महानिरीक्षक द्वारा सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को लगातार संवेदनशील व सतर्क बने रहने हेतु निर्देश दिए गए।

राजपत्रित अधिकारियों के लिए विजिबल पुलिसिंग और आपराधिक गतिविधियों को नियंत्रण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही पुलिस विरुद्ध शिकायतों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा जिले की गंभीर एवं चर्चित मामलों की समीक्षा की गई तथा इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने पुलिस बल को अनुशासित व्यवहार करने हेतु हिदायत देते हुए समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को यातायात के समस्त नियमों का पालन करते हुए अनिवार्य रूप से हेलमेट धारण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान जिलाबदर के आरोपियों, बदमाशों पर की गई कार्यवाही के लिए पुलिस महानिरीक्षक द्वारा संतोष जताते हुए प्रशंसा की गई।



## माहेश्वरी पंचायत ने मेधावी छात्राओं व समाज के गौरवों का किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 28 अगस्त।** माहेश्वरी पंचायत राजनांदगांव द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन इस वर्ष भी गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर 10वीं, 12वीं, सीए, डॉक्टर तथा अन्य शैक्षिक उपलब्धियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। साथ ही समाज का गौरव बने श्री प्रदीप गांधी का विशेष सम्मान भी किया गया। आयोजन की शुरुआत भगवान शिव के रुद्राभिषेक से हुई। समाज बंधुओं के साथ वनभोज का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री चतुर्भुज जी राठी (दुर्ग) रहे। अध्यक्षता श्री दिनेश गांधी जी ने की। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन एवं पदाधिकारी श्री दामोदर दास मूंदड़ा जी, मंडल संरक्षक सूर्यकांत चितलांगिया जी, बृज किशोर सुरजन जी, राजेंद्र लड्ढा जी, पंचायत अध्यक्ष पवन डागा जी, ओमप्रकाश डागा, रामदेव राठी, दामू भूतड़ा, सत्यनारायण डागा, कैलाश राठी, आनंद लोहिया, विजय भट्टड, आशीष सोनी, रमेश सोनी, घनश्याम भूतड़ा, स्वरूप राठी, संजोग टावरी, जगदीश गांधी, गोपाल टावरी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। महिला मंडल एवं प्रदेश महिला अध्यक्ष श्रीमती शशि देवी गट्टानी, श्रीमती सरस्वती देवी लोहिया, श्रीमती अलका सुरजन, दीपा बागड़ी सहित बालिका मंडल, युवा मंडल तथा दुर्ग, बालोद, डोंगरगांव से आए समाज बंधुओं ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को विशेष बनाया। कार्यक्रम का संचालन गगन लड्ढा ने किया।



## संपादकीय

# चौबे ने कहा तो कहा क्यों

कांग्रेस में बड़े नेताओं के अपने गुट होने के कारण सत्ता हो या संगठन के पद को लेकर रस्साकशी तो चलती रहती है। कांग्रेस जब किसी राज्य में चुनाव हारती है तो जो गुट संगठन के पद पर नहीं होता है, वह हारने की जिम्मेदारी लेकर जो पद पर है, उनसे पद से इस्तीफा देने की मांग करता है। खासकर प्रदेश अध्यक्ष को पद से हटाने की मांग की जाती है और उनकी जगह किसी और को अध्यक्ष बनाने की मांग की जाती है। प्रदेश में कांग्रेस के विधानसभा सहित नगर निकाय,पंचायत आदि चुनाव हारने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को हटाने की मांग और उनकी जगह कभी टीएस सिंहदेव तो कभी किसी और को प्रदेश अध्यक्ष बनाने की मांग की जा चुकी है। एक बार तो चरणदास महंत ने कहा था कि अगला चुनाव टीएस सिंहदेव के नेतृत्व में लड़ा जाएगा तो इसका खूब विरोध हुआ और चरणदास महंत को यू टर्न लेना पड़ा था। इसके बाद दीपक बैज को हटाने के और भी प्रयास हुए लेकिन कई नेताओं ने इस आधार पर दीपक बैज को हटाने का विरोध किया था कि राज्य में कांग्रेस की हार किसी एक नेता की जिम्मेदारी नहीं हैं, सभी के कहने पर टिकट बांटे गए थे, इसलिए सभी बड़े नेता हार के लिए दोषी है, इस तरह हार के लिए सामूहिक जिम्मेदारी के कारण दीपक बैज अध्यक्ष पद पर बने रहे। अब लंबे समय बाद पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने यह बयान दिया कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस का नेतृत्व पूर्व सीएम भूपेश बघेल को करना चाहिए। इसका विरोध होने पर तथा बयान को आलाकमान तक ले जाने का संकेत देने पर रविंद्र चौबे ने इस मामले में सफाई दे दी कि उनके कहने का मतलब वह नहीं था जो समझा जा रहा था। जब चरणदास महंत ने बयान दिया था तो भूपेश बघेल ने कहा था कि अध्यक्ष का फैसला आलाकमान करता है, सवाल उठता है कि चौबे ने बयान दिया क्यों?क्या रविंद्र चौबे भूपेश बघेल का बयान भूल गए या वह भी अन्य नेताओं की तरह यह देखना चाहते थे कि भूपेश को अध्यक्ष बनाए जाने के बयान पर क्या प्रतिक्रिया आती है। विरोध को देखकर चौबे को भी महंत की तरह पीछे हटना पड़ा। इससे साफ है कि कुछ लोग प्रदेश कांग्रेस में बदलाव चाहते हैं तो कुछ लोग बदलाव के पक्ष में नहीं है।

## राशिफल

**मेष** आज आपकी कार्य क्षमता बेहतर रहेगी और आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। आप जीवनसाथी के साथ अपने रिश्ते को बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे। आप कहीं बाहर घूमने जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आपको अपने खर्चों को थोड़ा कंट्रोल करने की आवश्यकता है। आप किसी से बेवजह के लड़ाई-झगड़े में ना पड़ें। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा और जिम्मेदारियों को लेकर आप लापरवाही बिल्कुल ना करें।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपको अपनी आय के सोर्सो को बढ़ाने पर पूरा ध्यान देना होगा। आपको अपने अनुभवों का कार्यक्षेत्र में पूरा लाभ मिलेगा। आपकी कोई नया काम करने की इच्छा जागृत हो सकती है। मित्रों के साथ आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। प्रेम और सहयोग के भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपको किसी काम को लेकर यदि समस्या थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपके मन में टेंशन भरपूर रहेगी, क्योंकि बिजनेस में आपको कोई भारी नुकसान हो सकता है। आपका स्वभाव चिड़चिड़ा रहेगा। बेवजह क्रोध करने की आदत के कारण आप थोड़ा परेशान रहेंगे। आपको कोई लेनदेन बहुत ही समझदारी से करना होगा। आपके किसी सहयोगी को आपकी कोई बात बुरी लग सकती है। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो उसके भी आपको मिलने के पूरे संभावना है। परिवार में किसी अतिथि का आगमन हो सकता है।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए किसी नई नौकरी की प्राप्ति के लिए रहेगा। आपको अपने कामों से एक नई पहचान मिलेगी। आपके सुख-साधनों में वृद्धि होगी, लेकिन आपको कोई बड़ा जोखिम लेने से बचें और सेहत पर आप थोड़ा ध्यान दें, क्योंकि आपकी कोई पुरानी समस्या उभर सकती हैं। आप बिजनेस में अपने पिताजी से काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं। संपत्ति को लेकर कोई वाद-विवाद बढ़ सकता है।

**सिंह** आज आपकी कार्य कुशलता बेहतर रहेगी। आप अपनी मेहनत से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आपको बिजनेस में भी अप्रत्याशित लाभ मिलने से आपका मन भी काफी खुश रहेगा, लेकिन आपको धन संचय करने के बारे में भी प्लानिंग करनी होगी, क्योंकि आप दिखावे के चक्कर में पड़कर काफी धन बर्बाद करेंगे। आपकी कला-कौशल में भी निखार आएगा। आपको स्क्रीन से संबंधित कोई समस्या परेशान कर सकती हैं।

**कन्या** आज का दिन व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपकी कोई अटकी हुई डील फाइनल हो सकती है, जो आपके सिरदर्द को कम करेगी, लेकिन आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर नहीं करनी है। आपका कोई पुराना लेन-देन यदि आपको टेंशन दे रहा था, तो वह भी दूर होगा। आपको कानूनी मामलों को लेकर लापरवाही नहीं दिखानी है। आप अपने शारीरिक समस्याओं को लेकर किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं।

**तुला** आज का दिन आपके लिए सांसारिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके पिताजी की सेहत में गिरावट आने से परेशान रहेंगे। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से संबंधों में अधिक कटुता आ गई थी, तो वह भी दूर होगी। आपको लंबे समय बाद कहीं घूमने-फिरने जाने का मौका मिलेगा। आपकी किसी जमीन, मकान, वाहन आदि को खरीदने की इच्छा पूरी हो सकती है, जिसके लिए आप लंबे समय से प्रयास कर रहे थे, तो उसके लिए आप कोई लोन भी अप्लाई कर सकते हैं।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती भरा रहने वाला है। जीवनसाथी का आपको पूरा सपोर्ट मिलेगा। आप किसी भाई बहन से किसी जरूरी काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आप परिवार के सदस्यों के साथ मिल बैठकर कुछ पुरानी पारिवारिक समस्याओं को लेकर बातचीत करेंगे। आपको किसी की कोई बात बुरी लगने से आपके मन में निराशा हो सकती है, लेकिन आप अपने हिम्मत से पीछे न हटें और अपने कामों को धैर्य रखकर निपटाने की कोशिश करें।

**धनु** आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपने विरोधियों को मात देने की कोशिश में कामयाब रहेंगे। आपकी किसी बात से आज परिवार में बेवजह का लड़ाई झगड़ा खड़ा हो सकता है और प्रॉपर्टी को लेकर आप कोई बड़ी डील फाइनल करेंगे और जिससे आपकी खुशियों का ठिकाना नहीं रहेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर भी जाने की तैयारी कर सकते हैं। आपको किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। सामाजिक कामों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी।

**मकर** आज का दिन आपके लिए कोई निवेश बहुत ही सोच समझकर करने के लिए रहेगा। कामकाज में आपकी काफी रुचि रहेगी। सिंगल लोगों की अपने साथी से मुलाकात होगी, जिससे उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। माताजी आपको कोई जिम्मेदारी दे, तो आप उसे समय रहते पूरा करने की कोशिश करें। आप अपने घर के साथ-साथ कुछ नयी वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। आपको कोई बहलाने फुसलाने की कोशिश करेगा, जिसका असर आपके कामों पर पड़ेगा, लेकिन आपको ऐसा नहीं करना है।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए आध्यात्म के कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहने से आप कामों को करने के लिए तत्पर रहेंगे। राजनीति में कार्यरत लोगों को अपने आसपास रह रहे विरोधियों को पहचानने की आवश्यकता है। आप अपने ऑफिस के कामों को कल पर टालने से बचें, नहीं तो इससे आपके बॉस से आपकी बहसबाजी होने की संभावना है। किसी दूर रह गए परिजन से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है।

**मीन** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपके लंबे समय से रुके हुए काम करने में भी आसानी होगी। आपके विरोधी भी आपके मित्र बन सकते हैं, जिन्हें देखकर आपको खुशी होगी। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आप किसी से मांगकर वाहन ना चलाएं। संतान की संगति पर आपको विशेष ध्यान देना होगा। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती हैं। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष : उपलब्धियाँ और नये क्षितिज

डॉ प्रियंका सौरभ

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा की गई थी। उस समय यह सोचना भी कठिन था कि कुछ गिने-चुने स्वयंसेवकों के



साथ आरंभ हुआ यह प्रयास आने वाले सौ वर्षों में भारतीय समाज जीवन का सबसे बड़ा और सबसे व्यापक संगठन बन जाएगा। सौ वर्ष किसी संस्था के जीवन में केवल समय की गिनती नहीं होते, बल्कि यह उसकी प्रासंगिकता, जीवंतता और समाज पर पड़े उसके प्रभाव का प्रमाण होते हैं। संघ की सौ वर्षीय यात्रा संघर्ष, सेवा, संगठन और संस्कारों से भरी हुई है।

संघ का प्रारंभ शाखा के रूप में हुआ। साधारण से दिखने वाले खेल, व्यायाम, गीत और अनुशासन ने केवल शारीरिक क्षमता का ही निर्माण नहीं किया, बल्कि एक ऐसी पीढ़ी को तैयार किया जिसने समाज के प्रति समर्पण और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी को अपने जीवन का हिस्सा बना लिया। अनेक बार इस संगठन पर प्रतिबंध लगे, कठिनाइयाँ आईं, विरोध हुआ, किंतु संघ हर बार और सशक्त होकर उभरा। 1947 के बाद के राजनीतिक परिवर्तनों, आपातकाल की कठोर परिस्थितियों और अनेक आलोचनाओं के बावजूद संघ ने अपने कार्य की गति धीमी नहीं की। आज संघ केवल शाखाओं तक सीमित नहीं है। इसकी पहचान सेवा कार्यों से होती है। जब भी देश में कोई आपदा आती है, सबसे पहले स्वयंसेवक सहायता के लिए पहुँचते हैं। बाढ़, भूकंप, चक्रवात, महामारी—हर जगह संघ के कार्यकर्ता निःस्वार्थ भाव से सेवा करते दिखते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती के हजारों विद्यालय बच्चों को केवल आधुनिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों से भी जोड़ते हैं। ग्राम विकास, वनवासी सेवा, स्वदेशी उत्पादों का प्रचार और सामाजिक समरसता के अभियान संघ की पहचान बन चुके हैं। सौ वर्षों की यात्रा का सबसे बड़ा योगदान यह है कि संघ ने भारतीय समाज को आत्मगौरव का भाव दिया। सदियों की गुलामी और पराधीनता ने समाज को हीनता और आत्मसंकोच से भर दिया था। संघ ने यह बताया कि भारत केवल एक देश नहीं, बल्कि एक ऐसी सभ्यता है जो विश्व को दिशा दे सकती है। शाखा

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष केवल इतिहास की उपलब्धियाँ नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा का संकल्प हैं। संघ का उद्देश्य है परिवार को सुदृढ़ करना, पर्यावरण का संरक्षण करना, समाज में समरसता लाना, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता को अपनाना तथा नागरिक कर्तव्यों का पालन सुनिश्चित करना। इन पाँच संकल्पों से भारत का भविष्य उज्ज्वल और आत्मनिर्भर बनेगा। संघ मानता है कि "वसुधैव कुटुंबकम्" के आदर्श पर चलकर भारत न केवल अपने समाज को सशक्त करेगा, बल्कि पूरी दुनिया को शांति, सद्भाव और सहयोग का संदेश देकर विश्वगुरु की भूमिका निभाएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर देशभर में विशेष आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में एक तीन दिवसीय शताब्दी महोत्सव भी प्रस्तावित है, जिसमें संघ की सौ वर्षीय यात्रा, उपलब्धियाँ और भविष्य की रूपरेखा पर प्रकाश डाला जाएगा। पहले दिन संघ के इतिहास और संस्थापकों के योगदान पर आधारित प्रदर्शनी और गोष्ठियाँ होंगी। दूसरे दिन सेवा कार्यों, शिक्षा, ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक समरसता पर कार्यरत संगठनों का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। तीसरे दिन "नये क्षितिज" विषय पर राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन होगा, जिसमें देशभर से स्वयंसेवक, शिक्षाविद, समाजसेवी और विचारक भाग लेंगे। यह तीन दिवसीय आयोजन केवल उत्सव नहीं, बल्कि आने वाले शताब्दी काल के लिए संघ का संकल्प-पत्र होगा।**



में गाया जाने वाला गीत केवल स्वर नहीं, बल्कि आत्मगौरव और राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है। यही कारण है कि संघ का प्रभाव आज राजनीति, शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक संस्थाओं और प्रवासी भारतीय समाज तक फैला हुआ है।

**भविष्य की ओर दृष्टि: नये क्षितिज-** शताब्दी का यह क्षण केवल अतीत की स्मृतियों का उत्सव नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने का अवसर है। पाँचजन्य में प्रकाशित लेख में कहा गया है कि यदि किसी व्यवस्था को बिगाड़ने में पचास साल लगते हैं, तो उसे सुधारने में सौ साल लगते हैं। संघ का विश्वास है कि यह कार्य कठिन अवश्य है, पर असंभव नहीं। यही आत्मविश्वास आने वाले समय के लिए नई ऊर्जा का स्रोत है। संघ ने आने वाले समय के लिए पाँच प्रमुख लक्ष्यों को अपनाया है।

इनमें परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता, तथा नागरिक कर्तव्य का पालन प्रमुख हैं। परिवार भारतीय संस्कृति की धुरी है। प्रकृति का संरक्षण जीवन का आधार है। जाति-भेद से ऊपर उठकर समाज को एक करना समय की माँग है। स्वदेशी और आत्मनिर्भरता आर्थिक स्वतंत्रता का मार्ग है। नागरिक कर्तव्यों के पालन से ही राष्ट्र सशक्त बनेगा। ये केवल नारे नहीं, बल्कि गहरे सामाजिक परिवर्तन के संकल्प हैं। संघ अब केवल राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक दृष्टि से भी कार्य कर रहा है। ''वसुधैव कुटुंबकम्'' का संदेश आज दुनिया के लिए मार्गदर्शक है। योग, आयुर्वेद और भारतीय संस्कृति विश्व में सम्मान पा रहे हैं। संघ का सपना है कि भारत केवल राजनीति या अर्थशक्ति के आधार पर नहीं, बल्कि संस्कृति और अध्यात्म की दृष्टि से भी विश्वगुरु बने। चुनौतियाँ भी सामने हैं। तकनीकी युग में मूल्य-संरक्षण कठिन होता जा रहा है। मोबाइल और इंटरनेट ने सुविधाएँ दी हैं, पर परिवार और समाज की डोर कमजोर हुई है। उपभोक्तावाद ने जीवन को प्रतिस्पर्धा और दिखावे में बदल दिया है। वैश्वीकरण ने अवसर दिए हैं, परंतु सांस्कृतिक पहचान के लिए खतरे भी पैदा किए हैं। इन परिस्थितियों में संघ की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। संघ का भविष्य दृष्टि-सम्पन्न है। हर गाँव और नगर में सेवा व शिक्षा केंद्र स्थापित करना, युवाओं को डिजिटल माध्यम से जोड़ना, महिलाओं की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करना और भारतीय दृष्टि से अनुसंधान को बढ़ावा देना इसकी प्राथमिकताएँ हैं। शिक्षा को केवल रोजगार पाने का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आधार मानना संघ की दृष्टि है।

संघ की शताब्दी यात्रा यह प्रमाणित करती है कि समर्पण और संगठन से असंभव भी संभव हो सकता है। यह यात्रा आने वाले सौ वर्षों की नींव है। नये क्षितिज सामने हैं—समरस समाज का निर्माण, आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण का संरक्षण और विश्व को शांति का संदेश देना। संघ का सपना केवल राजनीतिक सत्ता का नहीं, बल्कि समाज के सर्वांगीण उत्थान का है। शाखा में खड़ा प्रत्येक स्वयंसेवक अपने को राष्ट्र का सेवक मानता है। यही भावना भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में मार्गदर्शक बनेगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष केवल इतिहास का अध्याय नहीं, बल्कि भविष्य की प्रस्तावना हैं। यदि समाज संगठित हो और सेवा व संस्कार जीवन का आधार बनें, तो कोई भी शक्ति भारत को विश्व की अग्रणी संस्कृति बनने से नहीं रोक सकती। शताब्दी वर्ष का यह संकल्प है कि नये क्षितिज की ओर बढ़ते हुए एक ऐसा भारत बने, जहाँ हर नागरिक कर्तव्यनिष्ठ और संस्कारवान हो, जहाँ समाज समरस और आत्मनिर्भर हो और जहाँ से विश्व को शांति और सद्भाव का संदेश मिले। यही संघ की सबसे बड़ी उपलब्धि और आने वाले समय का लक्ष्य है।

# पत्रकारिता, एक जिम्मेदारी.....

तमन्ना मतलानी

आज के इस आधुनिक युग में जहां सोशल



मीडिया का महत्व बढ़ता जा रहा है वहीं प्रिंट मीडिया और टी.वी. समाचार चैनलों के सम्मुख सच्ची घटनाएं एवं उनका त्वरित प्रसारण करने की एक चुनौती खड़ी हो गई है। सोशल मीडिया की खबरों की सच्चाई एवं पारदर्शिता की जिम्मेदारी किसी पर भी निर्धारित नहीं की जा सकती है पर मीडिया कर्मियों के द्वारा दिखाई और छापी गई खबरों की सत्यता की जिम्मेदारी पत्रकारों को लेनी पड़ती है। ऐसे विकट समय में सभी पत्रकार बंधुओ के ऊपर सच्चाई से सरोकार रखने वाली खबरों को दिखाने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है। आइए आज के इस लेख में हम सभी पत्रकारों की जिम्मेदारी और उनके कर्तव्यो पर विस्तारपूर्वक चर्चा करें। आज के आधुनिक युग में पत्रकारिता से जुड़ना एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी और जोखिम भरा कार्य बन गया है। समय के साथ मीडिया के साधनों में भी काफी विस्तार हुआ है। पहले एक समय था जब पत्रकार केवल समाचार पत्र के लिए पत्रकारिता करते थे। आज भी समाचार पत्र अपनी भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही टीवी समाचार चैनलों की भूमिका भी बहुत बढ़ गई है। इन चैनलों के माध्यम से चौबीस घंटे समाचार दिखाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया भी लोगों तक समाचार पहुंचाने का एक सशक्त और प्रभावशाली माध्यम बन चुका है। इंस्टाग्राम प्लेटफॉर्म, यूट्यूब चैनल, व्हाट्सएप और अन्य कई माध्यम सोशल मीडिया पर उपलब्ध हैं। यदि विश्वसनीयता की बात की जाए तो आज भी आम लोग सोशल मीडिया के समाचारों से अधिक अखबार और टीवी चैनलों पर विश्वास करते हैं। अक्सर देखा जाता है कि व्हाट्सएप, यूट्यूब आदि चैनलों पर आम लोगों के द्वारा भी भ्रामक खबरों की जानकारी परोसी जाती है जो कि सच्चाई से कोसों दूर होती है, इस कारण से भी सोशल मीडिया पर पत्रकारिता करने वाले सच्चे लोगों के समाचार को भी ज्यादा महत्व नहीं मिल पाता है जबकि ये लोग भी पूरी मेहनत करके खबरों की खोज करते रहते है। समाचार प्रदाता सभी माध्यमों का कार्य समाचारों को आम जनता तक पहुंचाना है। समाज के भीतर चल रही गतिविधियों को सबके सामने लाना हर किसी के सामर्थ्य की बात नहीं होती। इस कारण से पत्रकारिता का पेशा या शौक जोखिम भरा होता जा रहा है। पत्रकारिता के कई प्रकार होते हैं, लेकिन मुझे व्यक्तिगत रूप से खोजी पत्रकारिता (इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिज्म) सबसे अधिक महत्वपूर्ण और जोखिमपूर्ण लगती है। पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है क्योंकि एक पत्रकार समाज की राय बनाने में मुख्य भूमिका निभाता है और जनता की आवाज को सरकार और प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करता है। प्रशासन को समाज के प्रति जवाबदेह बनाने में भी पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में पत्रकारिता की अहम भूमिका है — यह न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका के साथ चौथे स्तंभ के रूप में हमेशा तटस्थ रहकर कार्य करते हैं। पत्रकारिता के अनेक महत्वपूर्ण पहलू हैं जिन्हें समझने की आवश्यकता है। सबसे महत्वपूर्ण पहलू जनता की आवाज बनना है। पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं को सामने लाना और उनके समाधान की कोशिश करना होता है। सूचना का पहला माध्यम पत्रकारिता ही है। सामान्य जनता और समाज को भरोसेमंद और निष्पक्ष जानकारी देना पत्रकारों का कर्तव्य और जिम्मेदारी भी है। पत्रकारों के जागरूक होने के कारण आम लोग सही निर्णय लेने में सक्षम बनते हैं। खोजी पत्रकार भ्रष्टाचार को उजागर करने में अहम भूमिका निभाते हैं। पत्रकारों के डर और भय के चलते सरकारी अधिकारी भी बिना किसी ढील के अपना कार्य करते हैं। पत्रकार सरकार और अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नजर रखते हैं। वे समाज में व्याप्त बुराइयों पर निगरानी रखते हैं और भ्रष्ट तथा अपने कर्तव्यों को नकारने वाले ऊंचे पदों पर विराजमान लोगों के कार्यों को जनता के सामने लाने में अपनी भूमिका को सार्थक बनाते हैं। लोकतंत्र को मजबूत बनाने का कार्य स्वतंत्र पत्रकारिता से संभव है। आम नागरिकों के सामान्य अधिकारों की रक्षा भी स्वतंत्र पत्रकारिता के माध्यम से ही हो सकती है। हमारा भारत देश बहुत ही विशाल है। संपूर्ण देश की खबरें इकट्ठा करना और उनका प्रसारण करना टी.वी. चैनलों के माध्यम से संभव हो पाता है, परंतु स्थानीय समाचारों के लिए आज भी लोग अखबार पढ़ना पसंद करते हैं। वर्तमान समय में बात करें तो आज के युग में कॉरपोरेट जगत के बड़े संस्थानों का मीडिया पर प्रभाव दिखने लगा है। टीवी न्यूज चैनलों पर खबरों को भव्य रूप और सनसनीखेज तरीके से पेश किया जाता है। देश के ताजा हालातों और राजनीतिक घटनाओं पर डिबेट का आयोजन हर टी.वी. समाचार चैनल का नियमित कार्य बन गया है। किसी भी घटना के पक्ष और विपक्ष में बहस करवाकर अनुभवी विचारकों की राय जनता के सामने रखने की कोशिश की जाती है। राजनीतिक प्रवक्ताओं के साथ सार्थक बहस कर जनता के सवालों का जवाब पत्रकारों द्वारा दिलवाया जाता है। इससे राजनीतिक पार्टियों की जनता के प्रति जवाबदेही बढ़ती है। यह सब जागरूक पत्रकारिता के कारण संभव हो पाया है। लेकिन आज निष्पक्ष पत्रकारिता पर भी कई सवाल उठने लगे हैं। राजनीतिक पार्टियां कुछ मीडिया संस्थानों पर पक्षपात करने का आरोप लगाती हैं।टी.वी.चैनलों द्वारा एकतरफा समाचार दिखाए जाने से जनता के मन में भ्रम की स्थिति पैदा हो जाती है। पक्षपातपूर्ण रिपोर्टिंग के आरोप कई मीडिया संस्थानों पर लगते रहे हैं। यदि समय रहते इसमें सुधार नहीं हुआ तो निष्पक्ष पत्रकारिता पर बड़ा प्रश्नचिह्न लग सकता है। ऐसे विकट समय में पत्रकारों पर भी हर एक पहलू की जानकारी जनता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। कई लोग यह भी आरोप लगाते हैं कि टी.वी. चैनलों पर अनावश्यक खबरों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जाता है, जिससे पत्रकारिता के मूल उद्देश्य को नुकसान पहुंच रहा है।अक्सर निष्पक्ष पत्रकारों पर राजनीतिक दबाव डाला जाता है, उन्हें प्रलोभन दिए जाते है, कई बार तो उन्हें धमकाया भी जाता होगा, जिससे स्वतंत्र पत्रकारिता प्रभावित हो रही है लेकिन ऐसे मुश्किल हालातों में भी पत्रकार अपना दायित्व पूर्ण रूप से निभाने का जोखिम भरा कार्य करने से हिचकिचाते नहीं है। सोशल मीडिया पर फेक न्यूज के कारण भी सच्चाई उजागर करने वाले पत्रकारों की मेहनत कमजोर पड़ रही है। सोशल मीडिया पर बिना जांच-पड़ताल के खबरों को तेजी से वायरल कर दिया जाता है। इस वजह से झूठी और गलत खबरें तेज़ी से फैलती हैं और सच्चाई दब जाती है। इससे सोशल मीडिया पत्रकारिता की विश्वसनीयता पर सवाल उठते हैं। यदि लोग खबरों की सच्चाई की जांच करने के बाद सोशल मीडिया का उपयोग करने लगें तो पत्रकारिता को एक नई ऊंचाई मिल सकती है। इससे स्वतंत्र और निष्पक्ष जानकारी लोगों तक पहुंचने में बहुत मदद मिल सकेगी। आज का पढ़ा-लिखा आम आदमी निष्पक्ष और पक्षपातपूर्ण पत्रकारिता में फर्क समझने लगा है। साक्षर लोग अधिक सजग हो गए हैं और मीडिया तथा मीडिया हाउस पर कड़ी नजर रखते हैं और समय-समय पर पक्षपातपूर्ण पत्रकारिता पर सवाल भी उठाते हैं। विचारों की इस श्रंखला के अंत में हम खोजी पत्रकारिता को समझने का प्रयास करेंगे। अभी भी कई पत्रकार और संस्थान सच्चाई को उजागर करने और जनता की समस्याओं को प्रमुखता से दिखाने का साहस रखते हैं। लेकिन पत्रकारिता को मजबूत तभी बनाया जा सकता है जब पत्रकारों को स्वतंत्र और निष्पक्ष खबरें प्रकाशित करने की आजादी मिले।पत्रकारों को भी अपने पेशे की गरिमा का ध्यान रखते हुए सच्चाई को समाज के सामने लाने का कार्य साहसपूर्ण तरीके से करते रहना चाहिए। खास तौर पर महिलाओं के अधिकारों के लिए प्रयास करना और उनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना चाहिए। *यदि पत्रकार चाहें तो उनके द्वारा महिलाओं के हकों की लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाया जा सकता हैं। यदि किसी मजबूर महिला पर कोई अत्याचार या अन्याय हो रहा है तो उसे निष्पक्ष तरीके से अखबार में प्रकाशित कर आम जनता के सामने लाया जा सकता है। यदि परिवारों के अंदर महिलाओं पर होने वाले अत्याचार सार्वजनिक होने लगें तो ऐसे परिवारों का सामाजिक बहिष्कार होना शुरू हो जाएगा और फिर कोई भी व्यक्ति महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय करने से पहले सौ बार विचार अवश्य करेगा।महिलाओं पर अत्याचार करने वाले परिवारों का सामाजिक बहिष्कार जरूरी है ताकि वे अपनी करतूतों के लिए शर्मिंदा हों। सामाजिक बहिष्कार के कई तरीके हो सकते हैं। ऐसे परिवारों की खुशी या गमी के अवसरों में शामिल न हों, उनके साथ किसी भी प्रकार के सामाजिक संबंध न रखें। यदि यह सब होने लगेगा तो पत्रकारों की मेहनत रंग ला सकती है और समाज में सुधार की एक नई क्रांति लाई जा सकती है। पत्रकारिता समाज का आईना है। इस जिम्मेदारी भरे पेशे से जुड़े सभी लोग जितनी ईमानदारी और मेहनत से काम करेंगे, समाज और लोकतंत्र उतना ही अधिक मजबूत होगा। इसलिए आइए हम सभी निष्पक्ष खबरें दिखाने वाले अखबारों और टीवी न्यूज चैनलों के महत्व को समझें, उन्हें प्रोत्साहित करें और सोशल मीडिया पर बिना जांचे कोई भी खबर साझा न करें। पत्रकारों और हम सबके प्रयासों से समाज के हर व्यक्ति की भलाई संभव हो सकती है। अंत में एक बार फिर से समाज के सजग प्रहरी सभी पत्रकारों, संपादकों और मीडिया संस्थानों को उनके साहसिक कार्य के लिए नमन और वंदन। अगली कड़ी में फिर हम सभी मिलकर ऐसे ही समाज के सजग प्रहरियों पर चर्चा करते रहेंगें.....

## प्यास, थकान और भूख, डायबिटीज के ये आम लक्षण न करें इग्नोर

जब बॉडी में ग्लूकोज के इस्तेमाल के लिए जरूरी इंसुलिन हार्मोन कम या फिर बेअसर होने लगता है, तो ब्लड शुगर बढ़ने लगता है। यह खाने के बाद तेजी से बढ़ता है, जोकि व्यक्ति के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। डायबिटीज एक खतरनाक बीमारी है, जिसके आने की भनक नहीं लगती है। इस कारण डायबिटीज को साइलेंट किलर भी कहा जाता है। बता दें कि जब बॉडी में ग्लूकोज के इस्तेमाल के लिए जरूरी इंसुलिन हार्मोन कम या फिर बेअसर होने लगता है, तो ब्लड शुगर बढ़ने लगता है। यह खाने के बाद तेजी से बढ़ता है, जोकि व्यक्ति के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। इसलिए डायबिटिक पेशेंट्स को हर दिन ब्लड शुगर चेक करने की सलाह दी जाती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए 5 ऐसी चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो डायबिटीज के साथ बढ़ सकती हैं।

**ध्यान रखना जरूरी-** जब भी इस बीमारी की शुरूआत होती है, तो लोगों को अपने हाई शुगर का पता नहीं चल पाता है। ऐसे में आप इन 5 चीजों पर ध्यान देकर डायबिटीज की चेतावनी पा सकते हैं। वहीं समय पर इलाज मिलने से आसानी से डायबिटीज को रिवर्स किया जा सकता है।

**पेशाब-** अधिक पेशाब आने की समस्या भी डायबिटीज के लक्षणों में से एक है। खून में हाई शुगर होने पर किडनी को अधिक काम करना पड़ता है। गुर्दे ग्लूकोज को वापिस खून में भेजते हैं और अगर तब ह बच जाता है, तो उसको बाहर निकाल देते हैं। शरीर शुगर को बाहर निकालने के लिए पेशाब को जरिया बनाता है। जिस कारण आपको बार-बार पेशाब आता है।

**प्यास-** अधिक पेशाब निकलने के कारण शरीर में पानी का लेवल कम हो जाता है, जिससे शरीर डिहाइड्रेटेड होता है। इसकी वजह से शरीर का फंक्शन धीमा पड़ जाता है। जिसकी पूर्ति करने के लिए ज्यादा प्यास लगती है और बार-बार पानी पीना पड़ता है।

**भूख-** इसके साथ ही डायबिटिक पेशेंट्स को भूख भी अधिक लगती है। ऐसे में खाना खाने के फौरन बाद कुछ न कुछ खाने का मन करने लगता है।

## सू-दोकू-153

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.152 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

**एक नजर**

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल एवं फिटनेस गतिविधियों का आयोजन

**उत्तर बस्तर कांकेर, 28 अगस्त।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्षानुसार खेल दिवस का आयोजन 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। साथ ही वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा इसी दिवस फिट इंडिया मूवमेंट का शुभारंभ किया गया था, जिसके तारतम्य में भारत सरकार के द्वारा राष्ट्रव्यापी खेल एवं फिटनेस गतिविधियों के आयोजन कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा उक्त दिवस को सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विभिन्न प्रकार की खेल संबंधी गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि, फिट इंडिया शपथ और आउटडोर खेल एवं मनोरंजन आदि शामिल है। इसी तारतम्य में जिला स्तर पर 29 अगस्त को सुबह 11 बजे शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के डोम में शपथ ग्रहण एवं कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री भोजराज नाग के द्वारा खेल महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा। तदुपरांत आउटडोर खेल एवं मनोरंजन गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा। इस संबंध में जिला खेल अधिकारी ने बताया कि 30 अगस्त को पर प्रातः 11 बजे शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के डोम में खेल से संबंधित विषयों पर वाद-विवाद, फिटनेस टॉक, स्थानीय स्तर पर प्रचलित इनडोर मेम्स इत्यादि पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि 31 अगस्त को जिला स्तरीय 'संडे ऑन सायकल' कार्यक्रम के अंतर्गत सायकल रैली का आयोजन शासकीय नरहरदेव स्कूल के खेल मैदान से पुराना बस स्टैण्ड तक प्रातः 7.30 बजे से आरंभ किया जाएगा।

## कांकेर जिले में अब तक 11029 मिमी वर्षा

**उत्तर बस्तर कांकेर 28 अगस्त।** जिले में 01 जून से अब तक कुल 11029.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक सर्वाधिक वर्षा दुर्गूकोंदल तहसील में 1328.2 मिलीमीटर तथा सबसे कम कांकेर तहसील में 686.2 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर तहसील में 1254.5 मिलीमीटर, चारामा में 889.5 मिमी., अंतागढ़ में 1103.3, पखांजूर में 880.8, नरहरपुर में 731.5, सरोना में 706, आमाबेड़ा में 1177.7, कोयलीबेड़ा में 1246.4 और बांदे में 1052.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में कोयलीबेड़ा तहसील में सबसे अधिक 58 मिलीमीटर और दुर्गूकोंदल तहसील में सबसे कम 13.6 मिलीमीटर वर्षा आंकी गई है।

## प्रभारी मंत्री ने वर्षा प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास करने के दिए निर्देश



**दंतेवाड़ा, 28 अगस्त।** जिला मुख्यालय में विगत रात्रि में भारी वर्षा से हुए क्षति का आंकलन हेतु जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप,विधायक श्री चैतराम अटामी द्वारा मुख्यालय के वर्षा प्रभावित क्षेत्र जैसे सुरभि कालोनी एवं जीएडी कालोनी तथा नये रेस्ट हाऊस सहित अन्य मोहल्लों का जायजा लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने जिला प्रशासन द्वारा राहत के फौरी उपायों तथा प्रभावित लोगों के पुनर्वास हेतु किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि जिले में अतिवृष्टि से हुई क्षति के लिए आंकलन के लिये तहसीलदारों एवं पटवारियों के द्वारा सर्वे कार्य साथ ही जिले में 27 राहत शिविर बनाये गयें हैं। जहां जिले की आपदा राहत टीम अलर्ट मोड पर तैनात है। आश्रय स्थलों में लोगों के लिये भोजन,पेयजल,कपड़े,बिस्तर,इत्यादि के भी पर्याप्त व्यवस्था कर दी गयी है। प्रशासन की प्राथमिकता सर्वप्रथम लोगों को प्राथमिक राहत पहुंचाना है। तत्पश्चात उनके क्षति के आंकलन कर शीघ्र-अतिशीघ्र मुआवजा देने की कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# नदी का जलस्तर बढ़ने से तुमगांव में 10-12 घंटे रही बाढ़ की स्थिति

## घरों के साथ ट्रैक्टर , मिक्स्चर मशीन, रोटा वेटर, बोर पंप बहे, बेटी की शादी के लिए रखे नगद राशि एवं ज्वेलरी बाढ़ में बह गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**गीदम, 28 अगस्त।** क्षेत्र में विगत दिनों हुई भारी बारिश से दन्तेवाड़ा जिले के तुमनार गांव में भारी तबाही मच गई है । तुमनार गांव में यहां स्थित नदी का जलस्तर मंगलवार की शाम इतना बढ़ गया कि सड़क में बाढ़ आ गई और देखते ही देखते बाढ़ ने यहाँ बाजार पारा में तबाही मचा दी । यहां के रहवासियों ने जब बाढ़ की स्थिति देखी तो तुरंत सब अपनी जान बचाने के लिए घर से दूर चले गए । बताया जा रहा है कि यहाँ से गुजरने वाली नदी का अचानक से जलस्तर बढ़ा और मंगलवार शाम करीब 5 बजे से इस रहवासी ईलाके में बाढ़ आ गई जो करीब 10 से 12 घण्टे तक रही। इस ईलाके में बाढ़ इतनी खौफनाक बताई जा रही है कि यहाँ एक किसान का खड़ा ट्रैक्टर पानी मे बह गया और घर से दूर जाकर एक पेड़ के पास पलट गया, वही यहाँ खड़ी मिक्सर मशीन लगभग एक किमी दूर बहकर मिट्टी में समा गई । इसी तरह किसान का धान कुटाई मशीन एव रोटा वेटर मशीन भी पानी मे बहकर क्षतिग्रस्त हो गया । इसके साथ ही यहाँ किसानों के घर खोदे गए 3 से 4 बोर के पम्प जमीन के अंदर से ही बाहर निकल कर बाढ़ में बह गए । इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बाढ़ कितनी तीव्र गति से आया होगा और पानी का दबाव काफी ज्यादा रहा होगा । इस आपदा से बाजार पारा में 4 से 5 घर बह गए है । जबकि इसी गांव के लंका पारा



ईलाके में 20 से भी ज्यादा घरों के क्षतिग्रस्त बताये जा रहे है । तरुण छग की टीम जब ग्राउंड जीरो पर पहुँची तब यहां के ग्रामीण, बाढ़ में बहकर मिट्टी में समाए गए अपने घरेलू सामान को तलाशने में जुटे हुए थे । ग्रामीण राजकुमार, वीर, धरमु , महेंद्र नाग, शांति बाई व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि यहाँ घर व फसल बर्बाद तो हो ही गए इसके साथ-साथ किसी किसान की मुर्गी तो किसी की बकरी समेत किसी के दुकान का सामान भी बह गया, कई बोरिया धान बह गए । फ्रिज कूलर समेत घरों के कई इलेक्ट्रॉनिक सामान बहकर पानी और मिट्टी में समा गए , लाखो रुपये का नुकसान यहां ग्रामीणों का हुआ है । यहाँ स्थित लकवा बीमारी से पीड़ित ग्रामीण का भी घर बह गया , ग्रामीण के मुताबिक उसने अपनी बेटी की शादी के लिए कुछ ज्वेलरी और ढेड़ लाख रुपये करीब नगद जमा राशि भी जोड़ रखा था जो बाढ़ की तबाही में समा गया । स्थानीय ग्रामीणों की माने तो इस तरह का यहां पहली बार बाढ़ आया है जिससे लोगो का भारी नुकसान हुआ है । इस आपदा के बाद प्रशासन की तरफ से राहत कार्य किया जा रहा है लेकिन ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से यहां जल्द मुआवजे की मांग की है जिससे वह अपने परिवार के लिए कपड़े, जरूरी सामान समेत खान पान की व्यवस्था कर सके ।

जिले में बाढ़ से आई त्रासदी का जायजा लेने बुधवार को केबिनेट मंत्री एव जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप दन्तेवाड़ा पहुँचे, यहाँ उन्होंने जिले के अलग-अलग क्षेत्रो में निरीक्षण किया । इस दौरान वह देर शाम तुमनार गांव भी पहुँचे और पीड़ितों से मुलाकात करते हुए उन्हें हर सम्भव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया । इस दौरान विधायक चैतराम अटामी, जिपं अध्यक्ष नंदलाल मुडामी समेत क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि एव कलेक्टर , जिपं सीईओ व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## अतिवर्षा प्रभावित क्षेत्रों का कलेक्टर ने किया पुनः दौरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दन्तेवाड़ा, 28 अगस्त।** दंतेवाड़ा जिले में हाल ही में हुई अति वर्षा से विशेष रूप से गीदम, बारसूर और दंतेवाड़ा क्षेत्र में भारी क्षति हुई है। जिला कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने क्षेत्रीय प्रभावितों को राहत एवं सहायता प्रदान करने के लिए आज पुनः एक व्यापक दौरा किया। उन्होंने गाँवों गीदम, दंतेवाड़ा मुख्यालय (जैसे सुरभि कॉलोनी, जीएडी कॉलोनी, पुराना थाना क्षेत्र, शनि मंदिर के पीछे) एवं ग्राम बालपेट के महारापारा, खालेपारा, ग्राम पंचायत तुमनार इत्यादि प्रभावित इलाकों में जाकर क्षतिग्रस्त मकानों, माल-ए-आसबाब व खेतों का निरीक्षण किया। दौरे के दौरान उन्होंने प्रभावित लोगों से संवाद किया और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिया। कलेक्टर श्री दु?दावत ने बताया कि पूरे जिले में अब तक 27 राहत शिविर (ऋद्धद्यद्बद्गद्घ ष्टड्डद्वश्चह्य) स्थापित किए गए हैं,जिनमें लगभग 1,000 लोग आश्रय में हैं। उन्हें भोजन, पेयजल, कपड़े और अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही पटवारियों को क्षेत्रीय नुकसान का सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि प्रभावितों के माल-ए-आसबाब की शीघ्र मुआवजा दिलाया जा सके। प्रशासन पूरी तत्परता से फौरी राहत कार्य युद्धस्तर पर संचालित कर रहा है। इस मौके पर सीईओ श्री जयंत नाहटा भी उपस्थित थे। जिला प्रशासन प्रभावितों के साथ लगातार संपर्क में है और उन्हें समय रहते राहत एवं पुनर्वास की सभी संभावनाएँ सुनिश्चित कर रहा है।

## अतिवृष्टि से बाधित एनएच मार्ग की मरम्मत जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 28 अगस्त।** जिले में बीती रात हुई भारी वर्षा के कारण विकासखंड गीदम अंतर्गत ग्राम बागमुंडी-पनेड़ा क्षेत्र में स्थित नाले पर पुल का एक हिस्सा ढह जाने से जगदलपुर-दंतेवाड़ा-बीजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पूरी तरह बाधित हो गया था। इस स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने तत्काल युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है।

घटनास्थल पर आज जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप, बस्तर कमिश्नर श्री डोमन सिंह, आईजी श्री सुंदरराज पी., डीआईजी श्री कमलोचन कश्यप और कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने मरम्मत कार्य में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। प्रशासन द्वारा देर रात से ही आवश्यक मशीनरी और तकनीकी टीम को मौके पर तैनात कर दिया गया था। मरम्मत कार्य तेज़ी से प्रगति पर है और उम्मीद जताई जा रही है कि आज रात तक मार्ग को वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। प्रशासन ने स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील करते हुए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी है जब तक कि मुख्य मार्ग पूर्ण रूप से चालू नहीं हो जाता। प्रभारी मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि यह एक आपात स्थिति है, लेकिन प्रशासन तत्परता से कार्य कर रहा है। नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि है।

## छत्तीसगढ़ में 'दीदी के गोठ' रेडियो कार्यक्रम का प्रथम प्रसारण 31 को

**कोंडागांव, 28 अगस्त।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन-बिहान के अंतर्गत किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों एवं सफलता की कहानियों को साझा करने के उद्देश्य से ''दीदी के गोठ'' नामक रेडियो कार्यक्रम का शुभारंभ किया जा रहा है। इस श्रृंखला का पहला प्रसारण 31 अगस्त 2025 को दोपहर 12:15 बजे आकाशवाणी के समस्त केंद्रों से होगा।

इस विशेष प्रसारण में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री सह विभागीय मंत्री विजय शर्मा द्वारा प्रदेश की सभी बिहान दीदियों को संबोधित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान स्व-सहायता समूहों की महिलाएं अपनी सफलता की प्रेरणादायी कहानियां साझा करेंगी, जो अन्य समूहों के लिए मार्गदर्शक साबित होंगी।

''दीदी के गोठ'' कार्यक्रम के माध्यम से बिहान से जुड़ी दीदियों के कार्यों, उनकी उपलब्धियों तथा आजीविका संवर्धन के लिए किए जा रहे नवाचारों की जानकारी प्रदेशभर में प्रसारित होगी।

## प्रशासन ने बाढ़ से जनहानि पर तत्काल उपलब्ध करवाई आर्थिक सहायता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 28 अगस्त।** दो दिन जिले में हुई लगातार बारिश के कारण जनहानि की सूचना पर कलेक्टर श्री हरिस एस के मार्गदर्शन में तोकापाल एसडीएम श्री शंकर सिन्हा द्वारा तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। ज्ञात हो कि सोमवार की रात्रि में बास्तानार अंतर्गत ग्राम सावगेल निवासी माहरु की अतिवृष्टि से मकान के गिरने से दबकर निधन होने पर मृतक के निकटतम वारिस पत्नी चैती को 25 हजार रुपए तात्कालिक आर्थिक सहायता उनके घर जाकर दी गई। जिला प्रशासन द्वारा उक्त तात्कालिक सहायता प्रदान करने सहित राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत आर्थिक सहायता देने हेतु प्रकरण तैयार किया गया है, जिसकी स्वीकृति के अनुरूप आर्थिक सहायता दी जाएगी।

## बीजापुर में 30 नक्सलियों ने किया सरेंडर



**बीजापुर, 28 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र के बीजापुर जिले में 30 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्हें सरकार और पुलिस की तरफ से पुनर्वास योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। जिले में तैनात एक बड़े अधिकारी ने मीडिया में इसकी जानकारी दी है।

इस आत्मसमर्पण पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का भी बयान सामने आया है। उन्होंने बताया कि, बीजापुर में 30 नक्सलियों का आत्मसमर्पण और पुनर्वास राज्य सरकार की पुनर्वास नीति, सुरक्षा बलों के प्रयासों और चल रहे विकास कार्यों का परिणाम है। उन्होंने जंगलों में बाकी बचे नक्सलियों से मुख्यधारा में शामिल होने और अपना जीवन बेहतर बनाने की अपील की है। शर्मा ने कहा, बस्तर क्षेत्र के बीजापुर में 30 नक्सलियों का पुनर्वास किया गया है। यह अब तक की सबसे बड़ी संख्या में से एक है। यह छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति, जवानों की बहादुरी और सरकार के विकास कार्यों का नतीजा है। हम नक्सलियों से बार-बार अपील करते हैं कि वे मुख्यधारा में शामिल हों और अपना जीवन बेहतर बनाएं।

## कार में तोड़फोड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**लोरमी, 28 अगस्त।** गुरुवार 28 अगस्त 2025 सुबह 07 बजे लोरमी पुलिस से मिली जानकारी अनुसार कार में तोड़फोड़ करने वाले आरोपी राजकुमार यादव उर्फ रज्जू यादव (36), निवासी शिवघाट लोरमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। मामला जमानतीय होने पर उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया। प्रार्थी शुभम विश्वकर्मा की कार क्षतिग्रस्त करने की शिकायत पर थाना लोरमी में अपराध दर्ज कर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर की मदद से आरोपी को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकारते हुए घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी पेश की, जिसे जब्त कर लिया गया। आरोपी के विरुद्ध अलग से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर इस्तगासा एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तारी में थाना लोरमी पुलिस व साइबर टीम की अहम भूमिका रही।

## 'आदि कर्मयोगी अभियान' से 352 गांवों को मिलेगा लाभ

**कोंडागांव, 28 अगस्त।** अनुसूचित जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास और योजनाओं की शत-प्रतिशत पहुँच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 10 जुलाई 2025 को 'आदि कर्मयोगी अभियान' की शुरुआत की गई है। यह अभियान बहु-विभागीय समन्वय और सामुदायिक भागीदारी पर आधारित एक रिस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम है, जो सेवा, संकल्प और समर्पण के सिद्धांतों पर आधारित है। इससे पूर्व 02 अक्टूबर 2024 को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' का शुभारंभ किया गया था। पांच वर्षों तक चलने वाले इस अभियान से देश के 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 10.5 करोड़ लोग लाभान्वित होंगे, वहीं छत्तीसगढ़ में 28 जिलों के 128 विकासखण्डों के 6650 गांवों में इसे लागू किया जाएगा। कोंडागांव जिले में 5 विकासखण्डों के 352 गांवों को इसमें शामिल किया गया है। कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना की अध्यक्षता में आज जिला कार्यालय में आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित की गई, जिसमें कोंडागांव जिले के 352 गांवों में 'विज़न 2030' के अनुरूप योजनाएँ तैयार करने और इसके क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने इस अभियान के बेहतर क्रियान्वयन हेतु सभी विभागों को समन्वित प्रयास के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त कृपेन्द्र तिवारी ने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिले में 352 आदि सेवा केन्द्र स्थापित होंगे, 100 से अधिक आदि कर्मयोगी परिवर्तनकारी नेतृत्व देंगे और 8800 से अधिक साथी व सहयोगी युवाओं एवं महिलाओं को सशक्त बनाएंगे। यह अभियान 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प को मूर्त रूप देते हुए जनजातीय क्षेत्रों में विकास की नई दिशा तय करेगा। अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम में एक आदि सेवा केन्द्र स्थापित किया जाएगा, जहां शिकायत निवारण पंजी, संयुक्त भ्रमण पंजी और प्रत्येक सोमवार को 'आदि सेवा ऑवर' जैसी व्यवस्थाएं होंगी। अभियान के संचालन के लिए कैडर ऑफ स्पार्क तैयार किया गया है, जिसमें शासकीय अधिकारियों को 'आदि कर्मयोगी', शिक्षकों, डॉक्टरों, समाजसेवकों और युवा नेताओं को 'आदि सहयोगी' तथा स्व-सहायता समूह, पंचायत प्रतिनिधियों और जनजातीय नेताओं को 'आदि साथी' की भूमिका दी गई है।

# आदि कर्मयोगी अभियान और रजत महोत्सव को दें प्राथमिकता : कलेक्टर

**कोण्डागांव, 28 अगस्त।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक ली। बैठक में उन्होंने आदि कर्मयोगी अभियान और रजत महोत्सव को प्राथमिकता देते हुए इसके बेहतर क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही लगातार बारिश को देखते हुए बाढ़ नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु सतर्क रहने को कहा।




इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री जन दर्शन, जन शिकायत पोर्टल एवं कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आम नागरिकों की शिकायतों पर कार्यवाही की जानकारी ली और लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी बीईओ को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता के साथ करें। श्रम विभाग से श्रम पंजीयन की स्थिति की जानकारी ली और ही दीदी ई रिक्शा योजना से अधिक से अधिक महिलाओं को लाभान्वित करने हेतु निर्देशित किया। स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मलेरिया उन्मूलन पर जोर देते हुए इसके रोकथाम के लिए सतत जांच के साथ प्रभावी उपाय करने हेतु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही सभी एंबुलेस के आवश्यक रख-रखाव के साथ समुचित संचालन सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने उच्च जोखिम वाले गर्भवती महिलाओं की पहचान प्राथमिकता के साथ समय पर करने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा संस्थागत प्रसव, एमआर वैक्सीनेशन, आयुष्मान कार्ड में प्रगति लाने एवं रेडक्रॉस सोसायटी की सदस्यता बढ़ाने पर के संबंध में भी निर्देश दिए।

जिले में निर्माणाधीन विद्यालय, आश्रम, छात्रावास एवं अस्पताल के भवनों सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की भी कलेक्टर ने विस्तृत समीक्षा की और संबंधित निर्माण एजेंसियों को समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण कार्य हेतु निर्देशित किया। उन्होंने केशकाल बायपास निर्माण, नारायणपुर व कोडागांव राष्ट्रीय राजमार्ग और रेलवे लाईन से संबंधित अब तक की प्रगति की भी जानकारी ली।

## नपं अध्यक्ष ने विभिन्न वार्डों में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में घर-घर जाकर लिया स्थिति का जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गीदम 28 अगस्त।** गीदम नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराणा ने नगर के विभिन्न वार्डों में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो का मंगलवार एव बुधवार को घर-घर जाकर दौरा किया और स्थिति का जायजा लेते हुए तत्काल बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में फंसे लोगों को राहत पहुंचाया गया। इस दौरान नपं अध्यक्ष ने कहा कि गीदम में भारी बारिश के चलते बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होना वास्तव में एक बड़ी चुनौती है। प्रभावित वार्डों में पहुंचकर लोगों से बात करके उन्हें सुरक्षित स्थान भेजा गया । आपदा को देखते हुए त्वरित कदम उठाते हुए गीदम के सांस्कृतिक भवन में राहत शिविर लगाया गया है जहां प्रभावित लोगों को आश्रय, भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। राहत शिविर में लोगों को सुरक्षित और आरामदायक माहौल प्रदान करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कराई गई है।इस आपदा की घड़ी में शासन प्रशासन सभी मुस्तैदी के साथ त्वरित एवं प्रभावी कदम उठाते हुए मिलकर काम कर रहे हैं। बारिश रुकने के बाद प्रभावित क्षेत्रों में जल निकासी और स्वच्छता की व्यवस्था करने की ओर तत्काल कदम उठाया जाएगा।

## एक नजर

### कथक नर्तक पंडित राजेंद्र गंगानी की मोहक प्रस्तुति



**रायगढ़, 28 अगस्त।** रायगढ़ में आयोजित हो रहे चक्रधर समारोह के मंच पर दिल्ली से पधारे देश के प्रख्यात कथक नर्तक पंडित राजेंद्र गंगानी ने अपनी मोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह के 40वें संस्करण की शुरुआत उनके प्रस्तुति से हुई। जयपुर घराने के वरिष्ठ कलाकार पंडित गंगानी ने अपनी अद्भुत नृत्य शैली में पारंपरिक कथक की झलक प्रस्तुत की। महज चार वर्ष की आयु से उन्होंने नृत्य साधना प्रारंभ की थी। वर्ष 2003 में उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया, साथ ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी उन्हें अनेक पुरस्कार और अलंकरण प्राप्त हुए हैं। उनकी कला में परंपरा और आधुनिकता का अद्वितीय संगम देखने को मिला, जिसने श्रोताओं और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### गांजा बेचने व खरीदने वाले पकड़ाये

**धमतरी, 28 अगस्त।** जिले की भखारा थाना पुलिस ने गांजा बेचने और खरीदने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग साढ़े तीन किलोग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार भखारा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मोहन ढाबा के पास गांजा की खरीदी-बिक्री की सौदेबाजी होने वाली है। सूचना पर थाना प्रभारी भखारा की टीम तत्काल मौके पर पहुँची और घेराबंदी कर दबिश दी। इस दौरान आरोपियों धर्मेंद्र कुमार सतनामी एवं तरुण कुमार साहू उर्फ लादेन को रंगे हाथों गांजा का लेन-देन करते गिरफ्तार किया गया। तलाशी में उनके कब्जे से 03.304 किलो ग्राम अवैध गांजा सहित अन्य सामान बरामद किया गया। मामले में थाना भखारा में आरोपियों के खिलाफ धारा 20(ख)एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### बदमाश की गाड़ी की डिक्की में मिला चाकू

**धमतरी, 28 अगस्त।** जिले की थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने पिकेट चेकिंग पाईंट में एक बदमाश की गाड़ी के डिक्की में से एक खुखरीनुमा चाकू जप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आगामी त्यौहार के मद्देनजर अपराधों पर नियंत्रण व अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर आपरेशन प्रहार के तहत दिनांक 27.08.25 को पिकेट चेकिंग पाईंट सिटी कोतवाली क्षेत्र में लगाया गया था दौरान चेकिंग थाना क्षेत्र के गुण्डा बदमाश आरोपी देवेन्द्र इंगले स्कूटी क्रमांक – सीजी 10 बीटी 9265 में घुम रहा था जिसे रोककर चेंकिंग किया गया, जिसके डिक्की में खुखरी नुमा चाकू मिला एवं शराब के नशे में गाड़ी चलाना पाया गया। जिससे आरोपी के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट एवं 185 एम. व्ही. एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है 000

### तेली दिवस पर सामाजिक संगोष्ठी का आयोजन

**धमतरी, 28 अगस्त।** जिला साहू संघ धमतरी द्वारा विश्व तेली दिवस के अवसर पर सामाजिक संगोष्ठी का आयोजन गोकुलपुर वार्ड स्थित सत्संग भवन में किया गया द्य गणेश चतुर्थी के दिन विश्व तेली दिवस के रूप में मनाया जाता है द्य तेली समाज के गौरवशाली इतिहास और परंपरा पर अनेक वक्ताओं द्वारा वक्तव्य दिया गया द्य इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ ही तेली समाज के उत्थान हेतु समस्त पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों की भागीदारी नितांत आवश्यक बताया। समाज से जुड़ाव एवं शिक्षा के साथ संस्कार,परंपरा का निर्वहन आवश्यक है।

### जिले में 1018.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़, 28 अगस्त।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 27 अगस्त तक 1018.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 3.6 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1185.4 मिली मीटर, पुसौर में 1071, खरसिया में 890, घरघोड़ा में 1028.5, तमनार में 753.6, लैलूंगा में 905.2, मुकडेगा में 1228.5, धरमजयगढ़ में 870.5, छाल में 932.6 एवं कापू में 1319.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**रायगढ़, 28 अगस्त।** अनुविभाग खरसिया अंतर्गत दो लोगों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु पश्चात राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के वारिसानों को एसडीएम खरसिया द्वारा 25-25 हजार रुपए की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है। इनमें तहसील खरसिया ग्राम-बोतल्दा के मृतक चंद्रभान पटैल एवं सिद्धेश्वर दास वैष्णव के वारिसानों को राशि स्वीकृत किया गया।

राज्यपाल ने 40वें चक्रधर समारोह का किया शुभारंभ, शास्त्रीय संगीत के गायन-वादन से लेकर स्थानीय लोक कलाकारों को मिलेगा मंच

# अतीत की स्वर्णिम स्मृतियों से जोड़ने और हमारे अमूल्य विरासत को संजोने का महान संकल्प है चक्रधर समारोह : रमेन डेका

- विघ्नहर्ता की आराधना के साथ आस्था, संस्कृति, साहित्य और कला के अद्भुत संगम की 10 दिवसीय यात्रा का शानदार आगाज

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 28 अगस्त।** चक्रधर समारोह हमें अतीत की स्वर्णिम स्मृतियों से जोड़ता है और हमारे अमूल्य विरासत को संजोने का महान संकल्प है। महाराजा चक्रधर सिंह ने कला और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का जो सपना रायगढ़ की धरती से देखा था, यह उत्सव उस स्वप्न का प्रतीक है। राज्यपाल रमेन डेका आज रायगढ़ जिले में आयोजित 40वें चक्रधर समारोह का भव्य शुभारंभ कर कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भगवान गणपति की पूजा अर्चना की और संगीत सम्राट राजा चक्रधर सिंह का पुण्य स्मरण कर उन्हें नमन किया।

राज्यपाल डेका ने कहा कि छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा को हम रजत जयंती के रूप में मना रहे हैं और इस दौरान छत्तीसगढ़ की संस्कृति को समृद्ध बनाने में चक्रधर समारोह का योगदान अग्रणी है। डेका ने कहा कि असम और छत्तीसगढ़ में बहुत गहरा संबंध में है और ब्रिटिश काल में इस प्रदेश से लोग असम गए थे। उन्होंने कहा कि श्रीमंत शंकरदेव ने साहित्य और कला के संरक्षण के जो प्रयास असम में किए थे, वही प्रयास महाराज चक्रधर ने रायगढ़ की धरती से किया। डेका ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि असम राज्य में महाराजा चक्रधर सिंह की स्मृति में पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गई है और इस वर्ष से यह पुरस्कार प्रदान किए जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि रायगढ़ की धरती भारतीय शास्त्रीय कला और संस्कृति की अनमोल धरोहर है। रायगढ़ घराने की छाप न केवल देश में बल्कि विश्वभर में है। महाराजा चक्रधर सिंह ने कथक नृत्य को नई ऊंचाइयां दीं और अपनी रचनाओं नर्तन सर्वस्वम्, तालतोय निधि और राग रत्न मंजूषा के माध्यम से संगीत और नृत्य को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि कला हमारे भीतर संवेदनाओं को जगाती है और जीवन को सुंदर बनाती है। आधुनिकता की दौड़ में जब लोग संस्कृति से दूर हो रहे हैं, तब ऐसे आयोजन हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखते हैं। राज्यपाल ने कहा कि रायगढ़ का नाम लेते ही हमारे मन में संगीत की मिठास, नृत्य की लय और कला के रंग दिखाई देते हैं।



### विविधता भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी ताकत : शेखावत

40वें चक्रधर समारोह के शुभारंभ अवसर पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी ताकत उसकी विविधता में एकता है। उन्होंने कहा कि आदिकाल से ही संगीत, नृत्य और साहित्य जैसी विधाएँ राजाओं के आश्रय में पल्लवित होती आई हैं और इन्हीं परंपराओं ने भारत को नई ऊँचाइयाँ दी हैं। राजा चक्रधर सिंह को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि जब कथक में केवल जयपुर और बनारस घराने ही प्रसिद्ध थे, उस समय रायगढ़ घराने की स्थापना कर उन्होंने भारतीय संस्कृति को समृद्ध किया। शेखावत ने कहा कि आज यह समारोह उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को स्मरण करने का गौरवशाली अवसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सक्षम और सशक्त नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को नक्सल छवि से मुक्ति मिल रही है और प्रदेश अब संस्कृति तथा पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद से जूझते हुए जिस प्रदेश को कभी पिछड़ेपन की दृष्टि से देखा जाता था, वही आज अपनी लोककलाओं और पर्यटन स्थलों के कारण विश्व स्तर पर पहचान बना रहा है।

# चक्रधर समारोह में कुमार विश्वास का ओजस्वी कवितापाठ, श्रोता भाव-विभोर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 28 अगस्त।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह के मंच पर सुप्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास की ओजस्वी वाणी और भावपूर्ण काव्य-पाठ ने समा बाँध दिया। उनकी कविताओं और गीतों ने दर्शकों को हँसी, भावुकता और विचारों की गहराई से भर दिया।

डॉ.कुमार विश्वास ने जब अपनी लोकप्रिय पंक्तियाँ तुझी से शाम हो जाना, तुझी से भोर हो जाना... सुनाईं तो पूरा सभागार तालियों की गडग़ड़ाहट से गूँज उठा। उन्होंने अपने काव्य पाठ में मिले हर जख्म को मुस्कान से सीना नहीं आया, अमरता चाहते थे पर जहर पीना नहीं आया.... जैसी मार्मिक रचनाएँ भी प्रस्तुत कीं। इन पंक्तियों ने श्रोताओं को जीवन की विडंबनाओं और मानवीय संवेदनाओं की सजीव अनुभूति कराई। इसके साथ ही उनकी प्रसिद्ध रचना कोई दीवाना कहता है, कोई पागल कहता है... पर श्रोताओं ने उत्साहपूर्वक तालियाँ बजाईं। उनके व्यंग्य, शेरो-शायरी और सहज शैली ने कार्यक्रम को और भी रोचक और अविस्मरणीय बना दिया। समारोह में मौजूद दर्शकों ने तालियों की गूँज से अपने प्रिय कवि का स्वागत किया। डॉ. कुमार विश्वास की प्रस्तुतियों ने न केवल मंच की शोभा बढ़ाई बल्कि श्रोताओं के दिलों में साहित्य और कविता के प्रति गहरी छाप भी छोड़ी।

कवि डॉ. कुमार विश्वास युवा पीढ़ी के अत्यंत लोकप्रिय कलाकार है। उन्होंने देश की राष्ट्र भाषा हिंदी को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाया है। उनका जन्म 10 फरवरी 1970 को हुआ। कवि डॉ. कुमार विश्वास की साहित्य में बहुत रुचि है। 2001 में उन्हें शोध के लिए पुरस्कृत भी किया गया है। उनके द्वारा फिल्मों में भी गीत लिखे गए है। उन्होंने रामकथा को भाव पूर्ण प्रस्तुत किया है। वे लेखनी, वाणी और कलम के धनी है। वे व्यंग्य बहुत ही पैनी प्रस्तुत करते है। उनके साथ युवा गीतकार गौरव साक्षी, आगरा से आए वीर रस के युवा कवि ईशान देव, हास्य कवि दिनेश गौरवा और सुश्री अल्पना आनंद ने मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उपस्थित श्रोतागणों ने डॉ. कुमार विश्वास की कविताओं को न केवल सुना, बल्कि उनकी भावनाओं को आत्मसात भी किया। पूरा माहौल साहित्य और काव्यरस से सराबोर हो गया। चक्रधर समारोह का यह कवि सम्मेलन श्रोताओं के लिए अविस्मरणीय अनुभव साबित हुआ।

### जिले के 204 श्रद्धालु श्रीरामलला दर्शन के लिए रवाना

**जशपुर, 28 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में श्रद्धालुओं प्रभु श्री रामलला अयोध्या धाम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिले के स्थानीय निवासियों को श्रीरामलला दर्शन अयोध्या धाम यात्रा योजना अंतर्गत 27 से 30 अगस्त 2025 के यात्रा हेतु जिले से कुल-204 श्रद्धालुओं को रवाना किया गया।

जिले के सभी विकास खंड के जनपद पंचायत कार्यालय और नगरीय निकाय से जनप्रतिनिधियों ने अयोध्या धाम के लिए श्रद्धालुओं की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

रवाना किए गए 204 श्रद्धालुओं में जशपुर विधानसभा से 64, कुनकुरी विधानसभा से 73 एवं पत्थलगांव विधानसभा से 67 श्रद्धालु शामिल हैं।

## समाचार संक्षेप

### रजत जयंती वर्ष पर स्कूल शिक्षा विभाग करेगा शैक्षिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन

**महासमुंद, 28 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शासन के रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार के समन्वय से किया जाएगा। वर्ष 2000 में भारत का 26वाँ राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ ने संस्कृति, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला सशक्तिकरण, आधारभूत संरचना, वन अधिकार एवं औद्योगिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। रजत जयंती वर्ष आत्मलोकन एवं भावी संकल्प का अवसर है।

प्रथम चरण की गतिविधियाँ 31 अगस्त तक स्कूलों में किया जाना है। जिसमें 29 अगस्त को पुस्तक वाचन कार्यक्रम पालक, विद्यार्थी एवं शिक्षक सामूहिक रूप से पुस्तक वाचन करेंगे। 30 अगस्त को प्रदर्शनी का आयोजन करेंगे। जिसमें विद्यालयों में 25 वर्षों की उपलब्धियों का प्रदर्शन, जिसमें विद्यार्थी, पालक और समुदाय भाग लेंगे। 31 अगस्त को एलुमनी बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भूतपूर्व विद्यार्थियों एवं वर्तमान विद्यार्थियों-शिक्षकों के बीच संवाद और संस्मरण साझा करने का अवसर दिया जाएगा।

इन कार्यक्रमों का आयोजन सभी स्कूलों में सुनिश्चित किया जाएगा। प्राचार्य प्रधानपाठक और सीएसी प्रत्येक दिवस की गतिविधियों के फोटोग्राफ प्रतिवेदन एवं संख्यात्मक जानकारी निर्धारित प्रारूप में संकलित कर जिला कार्यालय को भेजी जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे एवं डीएमसी रेखराज शर्मा ने कार्यक्रमों को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया है।

### मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल से कामारीमा में विद्युत आपूर्ति पुनः बहाल



**जशपुरनगर, 28 अगस्त।** मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर विकासखंड बगीचा, ग्राम कामारीमा के वार्ड क्र. 11 में खराब ट्रांसफार्मर के कारण ठप पड़ी बिजली आपूर्ति पुनः बहाल हो गई है। बिजली संकट झेल रहे ग्रामीणों को इससे बड़ी राहत मिली है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। उल्लेखनीय है कि विकासखंड बगीचा , ग्राम कामारीमा के वार्ड क्र. 11 (नागेशिया पारा ) में अधिकांश आबादी पहाड़ी कोरवा समुदाय की है। यहां के ग्रामीणों ने कैंप कार्यालय को अवगत कराया कि ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बिजली की आपूर्ति बाधित है। इससे उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में विषैले जीवों का खतरा भी बना रहता है। कैंप कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की, जिसके तहत विद्युत विभाग द्वारा ग्राम कामारीमा के वार्ड क्र. 11 (नागेशिया पारा ) में ट्रांसफार्मर बदल दिया गया। इससे बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बगिया में स्थापित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में जनसमस्याओं का तत्परता के साथ समाधान किया जाता है। विशेषकर बिजली, पानी और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी आवश्यकताओं से संबंधित समस्याओं पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जा रही है।

## तीन किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार



**धमतरी, 28 अगस्त।** भखारा पुलिस की दबिश देकर दो आरोपियों से गांजा, 2 मोबाइल, 2 मोटर सायकल समेत कुल 2,24,560 रूपये का माल जब्त किया है। खरीद-बिक्री में संलिप्त दोनों आरोपी पकड़े गए - NDPS एक्ट की धारा 20(बी) के तहत जेल भेजा गया।

धमतरी पुलिस द्वारा जिले में नशे के अवैध कारोबार पर रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना भखारा पुलिस ने एक और महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। मुखबिर से सूचना मिली कि मोहन ढाबा के पास गांजा की खरीदी-बिक्री की सौदेबाजी होने वाली है। सूचना पर थाना प्रभारी भखारा की टीम तत्काल मौके पर पहुँची और घेराबंदी कर दबिश दी। इस दौरान आरोपियों धर्मेंद्र कुमार सतनामी एवं तरुण कुमार साहू उर्फ लादेन को रंगे हाथों गांजा का लेन-देन करते गिरफ्तार किया गया। तलाशी में उनके कब्जे से अवैध गांजा सहित अन्य सामान बरामद किया गया।

जिले में नशे के कारोबार पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। अवैध नशे के व्यापार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। धमतरी पुलिस का अभियान आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा।

### मामूली विवाद पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देकर हमला करने वाला गिरफ्तार



**धमतरी, 28 अगस्त।** आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली में गंभीर धारा 296,115(2), 351(2), 118(1) भा.न्या.सं. के तहत कड़ी कार्यवाही। धमतरी पुलिस का सख्त एक्शन-गुंडा- बदमाशों पर लगातार कस रहा शिकंजा। धमतरी पुलिस ने मामूली विवाद को लेकर प्रार्थी पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर कैंची नुमा नुकीले वस्तु से हमला करने वाले आरोपी को तत्परता से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहाँ से आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। प्रार्थी मोहम्मद सरफराज अपने मित्र ओम सतनामी निवासी साल्हेवार पारा धमतरी के साथ खाना खाकर खपरी तालाब की ओर जा रहा था। उसी दौरान आरोपी हर्ष उर्फ छोटू अंगारे पिता चन्द्रहास अंगारे उम्र 20 वर्ष निवासी शारदा चौक टिकरापारा धमतरी ने प्रार्थी को रोककर गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ में रखी कैंचीनुमा नुकीली वस्तु से हमला कर दिया। हमले में प्रार्थी के दाहिने हाथ की कलाई व पीठ में चोटें आईं।

घटना की सूचना पर थाना सिटी कोतवाली धमतरी में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आरोपी का नाम हर्ष उर्फ छोटू अंगारे पिता चन्द्रहास अंगारे उम्र 20 वर्ष सा0 शारदा चौक के पास टिकरापारा धमतरी,थाना सिटी कोतवाली, जिला धमतरी (छ.ग.) है।

## चोरी का मोबाइल बेचने वाला पकड़ाया

**बिलासपुर, 28 अगस्त।** जिले की तोरवा पुलिस ने चोरी का मोबाइल बिक्री करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ विरुद्ध 35(ई), बीएनएसएस 317(2) बीएनएस के के तहत कार्यवाही की है। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह भापुसे द्वारा जिले मे ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत् चोरी के मोबाइल बिक्री करने वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने के आदेश परिपालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक (कोतवाली) गगन कुमार भापुसे के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर थाना प्रभारी तोरवा निरीक्षक अभय सिंह बेस द्वारा टीम गठित कर थाना क्षेत्र में लगातार निगाह रखी जा रही थी इसी क्रम मे मजबूत मुखबिर तंत्र से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना तोरवा को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति को द्वारी बाजार में चोरी के मोबाइल को बिक्री करने आया है तथा पार्किंग के पास खड़ा है। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया जिनसे पूछताछ करने पर अपना नाम अतुल यादव पिता उमेश यादव उम्र 20 साल पता नूतन चौक सरकंडा थाना सरकंडा बिलासपुर बताया जिनके कब्जे से 1 नग सैमसंग एफ22 मोबाइल कीमती करीब 9000 रुपए मिला।

## नशीली दवाओं की अवैध सप्लाई करने वाला पकड़ाया



**बिलासपुर, 27 अगस्त।** बिलासपुर पुलिस ने नशीली दवाओं की अवैध सप्लाई करने वाले आरोपी अमन सिंघल को रंगे हाथ पकड़ा है तथा उसके पास से नाईट्राजेपम के 150 टैबलेट बरामद किए गए। यह दवा अनिद्रा के इलाज में उपयोग होती है, लेकिन नशे के रूप में इसका दुरुपयोग बेहद खतरनाक है। इससे व्यक्ति को भ्रम होना, अवास्तविक चीजें देखना-सुनना, चिड़चिड़ापन, आक्रामकता और मानसिक असंतुलन जैसी गंभीर समस्याएँ हो सकती हैं। अमन सिंघल के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 22 के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

इस गिरफ्तारी का संबंध 25 अगस्त की रात तितली चौक मार्ग पर हुई चाकूबाजी की घटना से है। उस घटना में नशे की हालत में तीन युवकों ने विवाद के दौरान शहडोल निवासी समीर यादव पर चाकू से हमला किया था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के भीतर ही दो नाबालिगों और अमन सारथी (निवासी ङ्क चिंगराजपारा) को गिरफ्तार कर लिया। विवेचना में यह सामने आया कि इन युवकों को नशे का सामान राहुल (निवासी बंगालीपारा, सरकंडा) उपलब्ध कराता था। पुलिस ने राहुल को भी गिरफ्तार किया और उसे भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 49 के तहत दुष्प्रेरणा का आरोपी बनाया। राहुल से पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह अमन सिंघल नामक युवक से नशीली दवाएँ खरीदता है। इसी इनपुट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ट्रैप बिछाकर अमन सिंघल को रंगे हाथ पकड़ लिया और नशीली दवाएँ बरामद कीं।

### जशपुर पुलिस को 'ऑपरेशन अंकुश' में मिली बड़ी कामयाबी

# ठगी के दो मामलों में वांछित आरोपी झारखंड से गिरफ्तार

**जशपुर, 28 अगस्त।** जशपुर पुलिस को ठगी के दो मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। आरोपी अंशु उर्फ रोहित अग्रवाल को झारखंड के गुमला से पकड़कर जशपुर लाया गया और न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी अंशु अग्रवाल (25), निवासी घाटो बगीचा, पालको रोड, गुमला (झारखंड), ने दो व्यापारियों से कुल 38.80 लाख रुपये की ठगी की थी। इन मामलों में आरोपी के खिलाफ थाना सन्ना और थाना



पत्थलगांव में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 318(4) और 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध है।

**चावल और मक्का व्यापारी से की ठगी :** प्राप्त जानकारी के अनुसार, सन्ना निवासी संतकुमार यादव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी ने खुद को चावल व्यापारी बताकर 80 हजार रुपये ऑनलाइन मंगवाए, लेकिन चावल नहीं भेजा। इसी तरह पत्थलगांव के एक व्यापारी से मक्का की फसल के अच्छे दाम दिलाने के नाम पर करीब 38 लाख रुपये का माल ले लिया गया, लेकिन भुगतान नहीं किया गया। इन दोनों मामलों में पुलिस पहले ही एक अन्य आरोपी मिथलेश साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अंशु अग्रवाल घटना के बाद से ही फरार चल रहा था।

**तकनीकी मदद से हुई गिरफ्तारी**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई थी, जिसने तकनीकी निगरानी और मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपी की लोकेशन का पता लगाया। आरोपी को गुमला जिले में स्थित पालको रोड के पास से घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस ने उसके कब्जे से मोबाइल फोन भी जब्त किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया है और उसके खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### टीम को मिली सराहना

इस सफलता में थाना प्रभारी सन्ना उप निरीक्षक संतोष सिंह, सहायक उप निरीक्षक सिरद साय पैंकरा, प्रधान आरक्षक विजय खूंटे एवं आरक्षक मनोज जांगड़े की अहम भूमिका रही। एसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि ऑपरेशन अंकुश के तहत ठगी जैसे गंभीर मामलों में फरार आरोपियों को चिन्हित कर लगातार कार्रवाई की जा रही है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

एक नजर

## विजय शंकर ने छोड़ा तमिलनाडु नई टीम करेंगे ज्वाइन



**नई दिल्ली, 28 अगस्त।** तमिलनाडु के ऑलराउंडर विजय शंकर ने 2025-26 घरेलू सीजन से पहले अपने होम स्टेट तमिलनाडु को छोड़ने का फैसला किया है। 34 साल के विजय को तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन ने नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट दे दिया है।विजय ने हाल ही में चेन्नई में हुए बुची बाबू टूर्नामेंट के पहले राउंड में TNCA प्रेसिडेंट्स XI के लिए हिमाचल प्रदेश के खिलाफ खेला था, लेकिन महाराष्ट्र के खिलाफ दूसरे राउंड में उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया। इसके बाद, सभी प्रारूपों में अधिक मौके पाने के लिए उन्होंने राज्य बदलने का फैसला लिया।

2024-25 सीजन में विजय तमिलनाडु के पहले दो रणजी ट्रॉफी मैचों में नहीं खेले और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के कई मैचों में भी उन्हें बेंच पर बैठना पड़ा। विजय ने तमिलनाडु के लिए 13 साल तक खेला और इस दौरान उन्होंने टीम को विजय हजारे, देवधर ट्रॉफी में और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खिताब दिलाए।

2012 में रणजी डेब्यू के बाद, उन्होंने बी इंद्रजीत के साथ मिलकर मध्यक्रम में अहम भूमिका निभाई। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने 81 पारियों में 44.25 की औसत से 3142 रन बनाए, जिसमें 11 शतक और 16 अर्धशतक शामिल हैं।

# एशिया कप से पहले बीमार हुए शुभमन गिल

## दलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट से हुए बाहर, बदला गया कप्तान



**नई दिल्ली, 28 अगस्त।** एशिया कप 2025 से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के उपकप्तान शुभमन गिल की तबियत अचानक खराब हो गई, उन्हें वायरल बुखार हो गया है. एशिया कप 9 सितंबर से 28 सितंबर के बीच यूएई में खेला जाएगा, भारत का पहला मैच 10 सितंबर को यूएई के साथ है. इसके बाद 14 सितंबर को भारत की भिड़ंत पाकिस्तान के साथ होनी है. हालांकि गिल एशिया कप से पहले रिकवर कर लेंगे.

वायरल बुखार होने के बाद शुभमन गिल दलीप ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं. बता दें कि गिल दलीप ट्रॉफी में नार्थ जॉन टीम के कप्तान चुने गए थे. लेकिन बुखार होने के बाद उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा और अब बतौर कप्तान उनकी जगह अंकित कुमार लेंगे. टाइम्स ऑफ़ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार गिल अब ठीक हो रहे हैं और जल्द ही अभ्यास शुरू कर देंगे. उनकी ब्लड रिपोर्ट में भी कोई बड़ी समस्या नहीं आई है. उम्मीद है कि वह जल्द ही पूरी तरह से स्वस्थ हो जाएंगे.

शुभमन गिल के दलीप ट्रॉफी से बाहर होने के बाद नार्थ जाने टीम की कप्तानी हरियाणा के अनकूट कुमार संभालेंगे, वह पहले टीम के उपकप्तान थे. नार्थ जाने का मैच आज से ईस्ट जाने के खिलाफ शुरू होगा. अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा दलीप ट्रॉफी का पहला मैच खेल सकते हैं, दोनों एशिया कप स्क्वाड में भी शामिल हैं.

**एशिया कप में उपकप्तान हैं शुभमन गिल**

गिल जल्द ही पूरी तरह ठीक होकर अभ्यास शुरू करेंगे, वह एशिया कप में भारतीय टीम के उपकप्तान चुने गए हैं. एशिया कप टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा और माना जा रहा है कि बीसीसीआई गिल को भविष्य में टी20 की कप्तानी भी सौंप सकती है. अभी सूर्यकुमार यादव टीम के कप्तान हैं.

ऋषभ पंत चोटिल होने के कारण एशिया कप में नहीं खेल रहे हैं. टीम में संजू सैमसन के साथ जितेश शर्मा बतौर विकेट कीपर शामिल किए गए हैं. तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी टीम में शामिल हैं. भारत एशिया कप में ग्रुप ए में शामिल है, जिसमें उनके साथ पाकिस्तान, यूएई और ओमान हैं. दूसरे ग्रुप में बांग्लादेश, श्रीलंका, हांगकांग और अफगानिस्तान की टीम हैं.

**एशिया कप के लिए टीम इंडिया का स्क्वाड**

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुबमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), हर्षित राणा, रिंकू सिंह.

# आईपीएल चैम्पियन आरसीबी ने 3 महीने बाद तोड़ी चुप्पी

**'12th मैन आर्मी' के नाम लिखा भावुक संदेश**



**बेंगलुरु 28 अगस्त।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर तीन महीने की चुप्पी तोड़ते हुए अपने फैन्स यानी '12th मैन आर्मी' को भावुक संदेश दिया, साथ ही 'RCB Cares' नामक नई पहल की घोषणा की.

इस अभियान का मकसद जून में हुई भगदड़ में जान गंवाने वाले प्रशंसकों के परिवारों की मदद करना और घायलों को सहायता प्रदान करना है.

4 जून 2025 को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर RCB की पहली आईपीएल खिताबी जीत का जश्न मनाने के लिए हजारों लोग जुटे थे. इस दौरान हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी. वहीं, स्टेडियम के भीतर जश्न चलता रहा, जिसने फ्रेंचाइजी को आलोचनाओं के घेरे में ला दिया.

इसके बाद RCB ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा देने और घायलों के इलाज के लिए 'RCB Cares' फंड बनाने का ऐलान किया. यह कदम क्लब की ओर से अपने प्रशंसकों के साथ एकजुटता दिखाने के तौर पर सामने आया.

कर्नाटक सरकार ने भी हादसे की जिम्मेदारी RCB पर डाली, जिससे गुस्सा और भड़क उठा. हालांकि घटना के बाद फ्रेंचाइजी ने एक संक्षिप्त शोक संदेश जारी किया था, लेकिन उनकी लंबी चुप्पी सवालों के घेरे में रही.

# जोकोविच 19वीं बार यूएस ओपन के तीसरे राउंड में

## अमेरिकी क्वालीफायर स्वाइजडा को हराया; अल्काराज भी जीते



**नई दिल्ली, 28 अगस्त।** सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने स ओपन 2025 के तीसरे दौर में जगह बना ली है। जोकोविच ने बुधवार को दूसरे दौर में अमेरिकी क्वालिफायर जैकरी स्वाइजडा को हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई।

जोकोविच इस जीत के साथ ही रिकॉर्ड 19वीं बार यूएस ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गए और और रोजर फेडरर को पीछे छोड़ दिया।

**तीसरे राउंड में नॉरी से होगा सामना**

उन्होंने स्वाइजडा को 6-7(5), 6-3, 6-3, 6-1 से हराया। मैच की शुरुआत में जोकोविच को कठिनाई का सामना करना पड़ा, क्योंकि स्वाइजडा ने पहला सेट टाई-ब्रेक में जीत लिया। लेकिन, उसके बाद जोकोविच ने शानदार वापसी की। स्वाइजडा को पैर की चोट के कारण बाद के सेटों में परेशानी हुई, जिसका फायदा जोकोविच ने उठाया।

अब तीसरे दौर में उनका सामना ब्रिटेन के कैमरॉन नॉरी से होगा, जिन्होंने अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को कोमेसाना को हराकर तीसरे राउंड में जगह बनाई है।

**अल्काराज सीधे सेटों में जीते**

कार्लोस अल्काराज ने स ओपन 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरे दौर में जगह बना ली है। दूसरे दौर में उन्होंने इटली के मैटिया बेलुच्ची को 1 घंटे 36 मिनट में सीधे सेटों में 6-1, 6-0, 6-3 से हराया। अब तीसरे दौर में उनका मुकाबला इटली के लूसियानो डारदरी से होगा।

**साबालेंका ने पोलिना को हराया**

मौजूदा विमेंस सिंगलस चैंपियन आर्यना साबालेंका ने दूसरे दौर में रूसी खिलाड़ी पोलिना को 7-6 (4), 6-2 से हराकर कर यूएस ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश किया। अब उनका मुकाबला तीसरे दौर में 2021 की फाइनलिस्ट लेयला फर्नांडीज से होगा।

# यूएस ओपन : कोर्ट पर गुस्सा दिखाने और रैकेट तोड़ने के लिए डेनिल मेदवेदेव पर लगा लाखों का जुर्माना



**नई दिल्ली, 28 अगस्त।** यूएस ओपन 2025 में रूस के टेनिस स्टार डेनिल मेदवेदेव को अपनी एक हरकत के लिए भारी कीमत चुकानी पड़ी। टूर्नामेंट के पहले ही दौर में हारने के बाद मैदान पर अपनी नाराजगी जाहिर करने और रैकेट तोड़ने के कारण उन पर बड़ा जुर्माना लगाया गया है। डेनिल मेदवेदेव पर कुल 42,500 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया गया है, जो भारतीय रुपयों में करीब 37 लाख रुपये बैठता है। यह जुर्माना उनकी मैच फीस का एक-तिहाई से भी ज्यादा है। यह घटना टेनिस जगत में खिलाड़ियों के व्यवहार और नियमों के पालन पर एक नई बहस छेड़ सकती है। यह घटना यूएस ओपन 2025 के पहले राउंड के मैच में घटी, जब डेनिल मेदवेदेव फ्रांस के बेंजामिन बोंजी के खिलाफ अपना मुकाबला खेल रहे थे। मैच के दौरान, तीसरे सेट में जब बोंजी 5-4 से आगे थे, एक फोटोग्राफर कोर्ट के पास से गुजर रहा था, जिससे मेदवेदेव को बाधा महसूस हुई। उन्होंने इस पर तुरंत अपनी नाराजगी जाहिर की। हालांकि, चेयर अंपायर ग्रेग एलेंसवर्थ ने हस्तक्षेप किया और फोटोग्राफर को कोर्ट से बाहर जाने का निर्देश दिया, लेकिन उन्होंने बोंजी को सर्विस जारी रखने की अनुमति दे दी। अंपायर के इस फैसले से मेदवेदेव का गुस्सा भड़क गया।

अंपायर के फैसले के बाद मेदवेदेव का गुस्सा शांत नहीं हुआ। वह लगातार नाराज दिखे और मैच के बाद उन्होंने अपना रैकेट अपनी रेस्ट सीट और जमीन पर पटककर तोड़ दिया। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें वह बेहद गुस्से में नजर आ रहे थे। इस घटना ने टेनिस के नियमों और अनुशासन को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए।

**व्यापार**

# अमरीकी टैरिफ को आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने बताया 'बेहद चिंताजनक'

**व्यापार अब हथियार बन गया है : रघुराम**



**नई दिल्ली, 28 अगस्त।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय एक्सपोर्ट पर 50 फीसद टैरिफ लगा दिया है। इसके चलते कपड़ा, हीरा और झींगा कारोबार काफी प्रभावित होगा। अब भारत पर लगे इस टैरिफ को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर और मशहूर अर्थशास्त्री रघुराम राजन ने 'बेहद चिंताजनक' बताया है।

रघुराम राजन ने कहा कि भारत के लिए किसी एक व्यापारिक साझेदार पर अधिक निर्भर रहना ही आपदा के समान है और ये एक बड़ी चेतावनी है। राजन ने चेतावनी दी कि आज की वैश्विक व्यवस्था में व्यापार, निवेश और वित्त को तेजी से हथियार बनाया जा रहा है और भारत को सावधानी से कदम उठाने चाहिए। रघुराम राजन ने कहा कि व्यापार अब हथियार बन गया है। उन्होंने आगे कहा, यह एक चेतावनी है। हमें किसी एक देश पर बहुत अधिक निर्भर नहीं होना चाहिए। हमें पूर्व की ओर, यूरोप की ओर, अफ्रीका की ओर देखना चाहिए और अमेरिका के साथ आगे बढ़ना चाहिए, लेकिन ऐसे सुधारों को लागू करना चाहिए जो हमें अपने युवाओं को रोजगार देने के लिए आवश्यक 8-8.5त्न की विकास दर हासिल करने में मदद करें।

बता दें कि बुधवार को लागू हुए वाशिंगटन द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है। इसमें भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद से जुड़ा 25 प्रतिशत अतिरिक्त जुर्माना भी शामिल है। हालांकि भारत को रूसी कच्चा तेल खरीदने के लिए ट्रंप सरकार द्वारा कठोर कर का सामना करना पड़ा है, तो वहीं रूसी तेल का सबसे बड़ा आयातक - चीन और यूरोप पर कोई बड़ा टैरिफ नहीं लगाया गया।

पूर्व आरबीआई गवर्नर ने सुझाव दिया कि भारत रूसी तेल आयात पर अपनी नीति का पुनर्मूल्यांकन करें। हमें यह पूछना होगा कि किसे फायदा हो रहा है और किसे नुकसान। रिफाइनर अत्यधिक मुनाफा कमा रहे हैं, लेकिन निर्यातक टैरिफ के माध्यम से इसकी कीमत चुका रहे हैं। यदि लाभ बहुत अधिक नहीं है, तो शायद यह विचार करने योग्य है कि क्या हमें ये खरीदारी जारी रखनी चाहिए।

# पब्लिक सेक्टर की कंपनियां साबित हुईं स्थिर आय निवेशकों के लिए बेहतरीन विकल्प



**नई दिल्ली, 28 अगस्त।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां एक बार फिर स्थिर आय चाहने वाले निवेशकों के लिए आकर्षक साबित हुई हैं, क्योंकि इनमें से कई कंपनियों ने पिछले 12 महीनों में भारी डिविडेंड भुगतान की घोषणा की है। दीर्घकालिक निवेशकों के लिए ये शेयर न केवल पूंजी वृद्धि प्रदान करते हैं, बल्कि डिविडेंड के माध्यम से नियमित आय भी प्रदान करते हैं। दीर्घकालिक निवेशकों के लिए ये शेयर न केवल पूंजी वृद्धि प्रदान करते हैं, बल्कि डिविडेंड के माध्यम से नियमित आय भी प्रदान करते हैं। डिविडेंड किसी कंपनी के लाभ का वह हिस्सा होता है, जो उसके शेयरधारकों को वितरित किया जाता है, जिसका भुगतान आमतौर पर तिमाही, अर्ध-वार्षिक या वार्षिक रूप से किया जाता है। सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों में, कोल इंडिया 32 रुपए प्रति शेयर के उच्चतम डिविडेंड भुगतान के साथ सबसे आगे रही, जिसने 8.6 प्रतिशत का डिविडेंड यील्ड दिया।

डिविडेंड यील्ड, शेयर के वर्तमान मूल्य पर मिलने वाली वार्षिक डिविडेंड आय का प्रतिशत है और आय-केंद्रित निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण मानदंड है

डिविडेंड यील्ड, शेयर के वर्तमान बाजार मूल्य के प्रतिशत के रूप में व्यक्त एनुअल डिविडेंड इनकम को संदर्भित करता है, जो आय-केंद्रित निवेशकों के लिए एक महत्वपूर्ण मानदंड है। पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी) ने शेयरधारकों को 19.5 रुपए प्रति शेयर का डिविडेंड दिया, जो 5 प्रतिशत की यील्ड दर्शाता है, जबकि आरईसी लिमिटेड ने 19.1 रुपए प्रति शेयर का डिविडेंड दिया, जो 5 प्रतिशत की यील्ड में परिवर्तित होता है। एनर्जी सेक्टर की दिग्गज कंपनी ओएनजीसी ने वर्ष के दौरान 13.5 रुपए प्रति शेयर का डिविडेंड वितरित किया, जिससे निवेशकों को 6 प्रतिशत की यील्ड प्राप्त हुई। बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने 8.4 रुपए प्रति शेयर का डिविडेंड दिया, हालांकि इसकी यील्ड अपेक्षाकृत मामूली 3 प्रतिशत रही। नाल्को ने 5 प्रतिशत की यील्ड के साथ 10 रुपए प्रति शेयर का डिविडेंड घोषित किया, जबकि एनएमडीसी ने 4.8 रुपए प्रति शेयर का कम डिविडेंड भुगतान घोषित किया, लेकिन 7 प्रतिशत की उच्च यील्ड प्रदान करने में सफल रही। अन्य कंपनियों के अलावा, बीपीसीएल ने भी 10 रुपए प्रति शेयर का डिविडेंड दिया, जो 3 प्रतिशत की यील्ड में परिवर्तित होता है, जबकि इंजीनियरिंग कंसल्टेंसी फर्म राइट्स लिमिटेड ने 10 रुपए के डिविडेंड के बराबर 4 प्रतिशत की यील्ड प्रदान की।

सूची में सबसे आखिर में बीपीसीएल और हुडको हैं। तेल कंपनी बीपीसीएल ने 10 रुपए का डिविडेंड दिया, जिससे निवेशकों को 3 प्रतिशत का रिटर्न मिला। हुडको ने भी 8.4 रुपए का डिविडेंड दिया, जो 3 प्रतिशत का रिटर्न है। इस बीच, बीएसई पीएसयू सूचकांक पिछले पांच वर्षों में लगभग 250 प्रतिशत बढ़ा है।

यह वृद्धि इसलिए हुई क्योंकि सूचकांक में शामिल कंपनियां बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं।

# दो रेलवे दिग्गजों की बड़ी डील!



**नई दिल्ली, 28 अगस्त।** भारतीय रेलवे को आधुनिक बनाने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने के लिए रेल विकास निगम लिमिटेड और टेक्समाको रेल एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड ने हाथ मिलाया है। दोनों कंपनियां मिलकर एक ज्वाइंट वेंचर बनाएंगी। यह नया ज्वाइंट वेंचर मालगाड़ियों और यात्री ट्रेनों के लिए वेगन, लोकोमोटिव, कोच, ट्रेनसेट और मेट्रो कोच तैयार करेगा। इसके साथ ही यह कंपनी बड़े रेलवे प्रोजेक्ट्स, डिपो संचालन और अंतरराष्ट्रीय टेंडर में भी भाग लेगी।

इस साझेदारी में RVNL की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा (51 प्र.) होगी, जबकि टेक्समाको की हिस्सेदारी 49 प्र. रहेगी। कंपनियों का अनुमान है कि यह सौदा दिसंबर 2025 तक पूरा हो जाएगा, जब सभी सरकारी मंजूरियां मिल जाएंगी।दोनों कंपनियों ने कहा है कि यह JV ऑटोमेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ग्रीन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करेगा। इसका मकसद है रेलवे के लिए एडवांस और किफायती समाधान देना।

घोषणा के दिन एक दिन बाद यानी 28 अगस्त को सुबह 10.33 बजे RVNL का शेयर 317.50 पर ट्रेड कर रहा था। इसी दौरान टेक्समाको 95.64 पर ट्रेड कर रहा था। दोनों पिछले दिन के मुकाबले क्रमशः 1.65 प्र. बढ़त और 0.43 प्र. गिरावट के साथ ट्रेड कर रहे थे।

**टेक्समाको के बारे में**

कोलकाता स्थित टेक्समाको के पास पश्चिम बंगाल, गुजरात और छत्तीसगढ़ में सात फैक्ट्रियाँ हैं। यह कंपनी भारतीय रेलवे, निजी कंपनियों और विदेशों में मालगाड़ियाँ सप्लाई करती है। इसके साथ ही इसका साझेदारी समझौता वैश्विक कंपनियों वाबटेक और टोआक्स से भी है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा: जीएसटी सुधार से उपभोग को मिलेगा बढ़ावा




**नई दिल्ली, 28 अगस्त।** बैंक ऑफ बड़ौदा के अनुसार जीएसटी सुधारों से उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। कई उपभोक्ता वस्तुएं, खासकर रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाली उपभोक्ता वस्तुएं (एफएमसीजी) और टिकाऊ वस्तुएं, ज्यादा सस्ती हो जाएंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि खाद्य उत्पादों को सबसे ज्यादा फायदा होगा। जीएसटी सुधारों से उपभोग को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही खाद्य और टिकाऊ वस्तुएं सस्ती होंगी। बैंक ऑफ बड़ौदा के एक विश्लेषण में यह दावा किया गया है। प्रस्तावित सुधार का उद्देश्य जीएसटी के चार स्लैब को दो स्लैब में लाना है। इसके तहत 12 प्रतिशत की दर को घटाकर पांच प्रतिशत और 28 प्रतिशत की दर को घटाकर 18 प्रतिशत किया जाएगा।

बैंक के अनुसार इस बदलाव से बड़ी राहत मिलेगी। इसका मतलब है कि कई उपभोक्ता वस्तुएं, खासकर रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाली उपभोक्ता वस्तुएं (एफएमसीजी) और टिकाऊ वस्तुएं, ज्यादा सस्ती हो जाएंगी।

रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि जीएसटी दर युक्तिकरण से निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) का 11.4 प्रतिशत सीधे तौर पर लाभान्वित होगा। बैंक ने कर योग्य खपत को 150 से 160 लाख करोड़ रुपये आंका है। यह वित्त वर्ष 2026 की दूसरी छमाही से सकल घरेलू उत्पाद के 0.2 से 0.3 प्रतिशत के बराबर है। इसमें कहा गया है कि प्रभावी कर की दर कर योग्य जीएसटी वस्तुओं और सेवाओं के 14 से 15 प्रतिशत तक कम होने की उम्मीद है। यह अनुमान हमारे द्वारा गणना किए गए 150-160 लाख करोड़ रुपये के कर योग्य उपभोग समूह के आधार पर लगाया गया है।

# कपास पर आयात शुल्क छूट की समय सीमा दिसंबर 2025 तक बढ़ी

**नई दिल्ली, 28 अगस्त।** सरकार ने कपड़ा क्षेत्र को अमेरिकी टैरिफ राहत देने के लिए कपास पर आयात शुल्क छूट को दिसंबर 2025 तक बढ़ा दिया है। सीआईटीआई की महासचिव चंद्रिमा चटर्जी ने कहा कि यह निर्णय उद्योग प्रतिनिधियों की लगातार अपील का परिणाम है। केंद्र ने कपास पर आयात शुल्क छूट को दिसंबर 2025 तक बढ़ा दिया है। यह फैसला कपड़ा क्षेत्र को अमेरिकी टैरिफ राहत देने के लिए उठाया गया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार इस कदम का उद्देश्य घरेलू कपड़ा उद्योग के लिए कपास की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना है। भारतीय कपड़ा क्षेत्र के लिए कपास की उपलब्धता बढ़ाने के लिए केंद्र ने 19 अगस्त से 30 सितंबर 2025 तक कपास पर आयात शुल्क में अस्थायी रूप से छूट दी थी।


## शपथ पत्र

मैं चन्द्राबाई पति स्व. मोतीलाल भारती उम्र 60 वर्ष निवासी अम्बेडकर वार्ड तिरंगा चौक नयामुण्डा जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. शपथपूर्वक निम्न कथन करती हूं।

यह कि मैं उपरोक्त नाम एवं पत की निवासी हूं।

यह कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर आई.डी. में मेरा नाम चन्द्राबाई है तथा मेरे पति स्व. मोतीलाल के सर्विस बुक में त्रुटिवश कालेन्दरी भारती अंकित हो गया है जो कि गलत है।

यह कि मेरा सहीं नाम चन्द्राबाई सभी शासकीय दस्तावेजों में भी मेरा नाम चन्द्राबाई है जो कि सत्य एवं सही है कालेन्दरी एवं चन्द्राबाई एक ही महिला का नाम है अर्थात मैं स्वय ही हूं।

यह कि उक्त शपथ पत्र मेरे पति के सर्विस बुक में कालेन्दरी एवं चन्द्राबाई एक ही व्यक्ति के होने के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूं।

**शपथकर्ता**
**चन्द्राबाई**

**//सत्यापन//**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता शपथ पत्र की कंडिका से तक के तथ्य सत्य एवं सहीं है आज दिनांक 07/03/2025 को स्थान जगदलपुर में हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

**सत्यापनकर्ता**
**चन्द्राबाई**

एक नजर

## जेके लक्ष्मी सीमेंट पर 9.12 करोड़ रुपए का जुर्माना

**दुर्ग, 28 अगस्त।** अहिवारा नगर पालिका ने संपत्ति कर जमा नहीं करने पर जेके लक्ष्मी सीमेंट संयंत्र पर 9.12 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। हाईकोर्ट के आदेश पर सीमेंट कंपनी की संपत्ति की जांच की गई। इससे पता चला कि कंपनी ने 1.90 लाख स्क्वायर फीट निर्माण की जानकारी पालिका को नहीं दी थी। नगर पालिका ने समयावधि में पैनाल्टी की राशि जमा करने का निर्देश दिया है। जेके लक्ष्मी सीमेंट संयंत्र को यह भी आदेश दिया गया है कि 15 दिन के अंदर भवन अनुज्ञा के लिए नगर पालिका अंतर्गत निर्मित संपूर्ण भवन, संरचनाओं का नगर तथा ग्राम निवेश से अनुमोदित अभिन्यास के साथ भवन निर्माण अनुज्ञा के लिए 4 प्रति में रेखांक प्रस्तुत किया जाए, जिससे नियमानुसार अवैध भवनों का 187 (क) के प्रावधानों के तहत निर्माण की अनुमति प्रदान की जा सके। इसके साथ नियम समय में आवश्यक दस्तावेज और कर राशि जमा की जाए।

## अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर अधेड़ से 15 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर, 28 अगस्त।** घर बैठे पैसा कमाने का झांसा देकर 15 लाख 29 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी केयूरी मजीठिया 54 वर्ष ऋष्टि गार्डन के पास तेलीबांधा का रहने वाला है। प्रार्थी ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि वह घर बैठे 1000 से 1500 रुपए कमाने का विज्ञापन देखकर उसमें दिए हुए मोबाइल नंबर 75879-43526 में कॉल किया। उक्त व्यक्ति ने प्रार्थी को झांसे में लेकर अपने खाता में 15 लाख 29 हजार 517 रुपए जमा करा लिया और संपर्क तोड़ दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## बाजार में खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर, 28 अगस्त।** तरूण बाजार गेट के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अमित सिंह कमल विहार सेक्टर 4 टिकरापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एमडी 8634 को संतोषीनगर तरूण बाजार गेट के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 28 अगस्त।** धरसींवा और खरोरा थाना पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो कोचियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 65 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार धरसींवा पुलिस ने सिलतरा चौक स्थित राकेश धर्मकांटा के पास अवैध शराब के पास से आरोपी पवन पारधी 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 48 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने छड़िया खरोरा मार्ग के पास अवैध शराब के साथ आरोपी चंद्रशेखर बांधे 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 17 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# छत्तीसगढ़ शराब घोटाला : एसीबी व ईओडब्ल्यू ने ओम साईं बेवरेज कंपनी के 2 डायरेक्टरों को लिया ट्रांजिट रिमांड पर

**रायपुर, 28 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में आर्थिक अपराध शाखा (EOW) और एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) ने एक और बड़ा एक्शन लिया है. झारखंड की जेल में बंद आरोपियों अतुल सिंह और मुकेश मनचंदा को ट्रांजिट रिमांड पर छत्तीसगढ़ लाया जा रहा है. दोनों आरोपी ओम साईं बेवरेज कंपनी के डायरेक्टर बताए जा रहे हैं. जांच एजेंसी की टीम उन्हें झारखंड से लेकर रवाना हो चुकी है और शुक्रवार को इन्हें विशेष न्यायालय में पेश किया जाएगा.




**ईओडब्ल्यू ने पेश किया छठवां चालान:** इससे पहले, 26 अगस्त को रायपुर स्थित विशेष अदालत में EOW ने छठवां अभियोग पत्र दाखिल किया था. इसमें आरोप लगाया गया कि ओम साईं बेवरेज से जुड़े विजय कुमार भाटिया को 14 करोड़ रुपये का फायदा पहुंचा. बताया गया कि भाटिया ने अलग-अलग खातों और डमी डायरेक्टरों के जरिए रकम निकाली. जांच रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि नेक्सजेन पावर इंजिटेक से जुड़े संजय मिश्रा, मनीष मिश्रा और अभिषेक सिंह को करीब 11 करोड़ रुपये मिले.

**एफएल-10 लाइसेंस के जरिए हुआ घोटाला:** जांच के अनुसार, घोटाले का आधार FL-10 A/B लाइसेंस व्यवस्था रहा. FL-10 (फॉरेन लिकर-10) ऐसा लाइसेंस है, जिसे राज्य सरकार ने विदेशी शराब की खरीदी और सप्लाई के लिए जारी किया था. इन कंपनियों को शराब की खरीदी, भंडारण और परिवहन का अधिकार मिला था, लेकिन हकीकत में पूरा काम बेवरेज कॉर्पोरेशन को सौंप दिया गया.

एफएल-10 लाइसेंसधारकों को देश के किसी भी राज्य के निर्माताओं से शराब खरीदकर बेचने का अधिकार था, जबकि एफएल-10 केवल राज्य के निर्माताओं से विदेशी ब्रांड की शराब लेकर सप्लाई कर सकते थे.

सिंडिकेट बनाकर खेला गया खेल

ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में बताया कि तत्कालीन अफसर अनिल टुटेजा, अरुणपति त्रिपाठी, निरंजन दास, कारोबारी अनवर ढेबर, विकास अग्रवाल और अरविंद सिंह ने मिलकर एक सिंडिकेट बनाया. इस सिंडिकेट ने सरकारी शराब दुकानों में कमीशन तय किया, डिस्टिलरी से अतिरिक्त शराब बनवाई और विदेशी ब्रांड की सप्लाई पर भी अवैध वसूली की व्यवस्था की.

यह नेटवर्क रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, महासमुंद, धमतरी, कोरबा, रायगढ़ सहित कई जिलों तक फैला था.

**सरकार को हुआ 248 करोड़ का नुकसान:** जांच अधिकारियों के मुताबिक, वर्ष 2020-21 में लागू की गई नई आबकारी नीति के बाद विदेशी शराब सप्लाई का ठेका तीन निजी कंपनियों–ओम साईं बेवरेज प्रा.लि., नेक्सजेन पावर इंजिटेक प्रा.लि. और दिशिता वेंचर्स प्रा.लि.–को दिया गया. इन लाइसेंसों से सरकार को लगभग 248 करोड़ रुपये का सीधा नुकसान हुआ.

**ईडी की रिपोर्ट में 3200 करोड़ के घोटाले का जिक्र :** इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ED) भी जांच कर रही है. ACB में दर्ज FIR के आधार पर ED ने छानबीन शुरू की. इसमें अब तक 3,200 करोड़ रुपये से अधिक के घोटाले की बात कही गई है. जांच में यह भी पाया गया कि यह पूरा नेटवर्क पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के कार्यकाल में सक्रिय था और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त था.

### 2,174 करोड़ के बंटवारे का खुलासा

ईओडब्लयू की जांच में सामने आया कि शराब घोटाले से जुड़ी राशि का 2,174 करोड़ रुपये का बंटवारा किया गया. इसमें सबसे बड़ा हिस्सा नेताओं और मंत्रियों को गया.

**नेताओं-मंत्रियों को :** 1,392 करोड़ 45 लाख

**तीन शराब डिस्टिलर्स को :** 358 करोड़ 65 लाख

**अनवर ढेबर और अनिल टुटेजा को :** 181 करोड़ 52 लाख

**आबकारी विभाग को :** 90 करोड़ 76 लाख

**जिला आबकारी अधिकारी व दुकान कर्मचारियों को :** 90 करोड़ 76 लाख

**विकास अग्रवाल और अरविंद सिंह को :** 60 करोड़ 50 लाख

### आरोपियों की भूमिका

**अनिल टुटेजा :** तत्कालीन संयुक्त सचिव, सिंडिकेट संरक्षक की भूमिका में.

**अनवर ढेबर :** होटल कारोबारी, सिंडिकेट का गठन और पैसों के बंटवारे की जिम्मेदारी.

**एपी त्रिपाठी :** CSMCL के एमडी, होलोग्राम सप्लाई, कैश कलेक्शन व ट्रांसपोर्टेशन अपने लोगों को दिया.

**विकास अग्रवाल :** नकली होलोग्राम वाली शराब की सप्लाई और कैश कलेक्शन.

**अरविंद सिंह :** पत्नी के नाम बोतल प्लांट, नकली बोतल व होलोग्राम की सप्लाई.

**त्रिलोक सिंह ढिल्लन :** शराब ठेकेदार व होटल कारोबारी, अपनी कंपनियों से धन इकट्ठा किया और संपत्ति में लगाया.

# सीएम साय ने दक्षिण कोरिया के निवेशकों को किया आमंत्रित




■ औद्योगिक नीति 2024-30, प्राकृतिक संसाधन, कुशल मानव संसाधन और मजबूत कनेक्टिविटी से छत्तीसगढ़ बना वैश्विक साझेदारी का आदर्श गंतव्य : मुख्यमंत्री

**रायपुर 28 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में आयोजित छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में कोरिया इंटरनेशनल ट्रेड एसोसिएशन और निवेशकों के समक्ष छत्तीसगढ़ में निवेश की संभावनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ अपनी प्रो-एक्टिव एवं विकासोन्मुख औद्योगिक नीति 2024-30, प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों और प्रशिक्षित जनशक्ति के बल पर वैश्विक निवेश और औद्योगिक सहयोग के लिए पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कोरियाई ब्रांड हर भारतीय घर का हिस्सा हैं। एलजी, सैमसंग, हुंडई जैसी कंपनियां गांव-गांव तक पहुंच चुकी हैं। छत्तीसगढ़ में प्रचुर मात्रा में जल, ऊर्जा, लौह अयस्क व स्टील और बेहतरीन कनेक्टिविटी उपलब्ध है। ये संसाधन दक्षिण कोरियाई निवेशकों के लिए अवसरों के नए द्वार खोलते हैं।

मुख्यमंत्री साय ने निवेशकों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार सिंगल-विंडो क्लीयरेंस, व्यवसाय सुगमता और उद्योग-अनुकूल नीतियों के माध्यम से प्रत्येक निवेशक को हर स्तर पर सहयोग प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज खनिज, ऊर्जा, इस्पात, खाद्य प्रसंस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और आईटी-स्टार्टअप्स जैसे क्षेत्रों में वैश्विक निवेश का स्वागत कर रहा है। मुख्यमंत्री साय ने यह भी रेखांकित किया कि छत्तीसगढ़ का विकास मॉडल केवल औद्योगिक प्रगति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं को रोजगार, महिलाओं को स्वावलंबन और किसानों को उपज का बेहतर मूल्य दिलाने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक निवेश के साथ-साथ सामाजिक सशक्तिकरण भी हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने भारत के राजदूत अमित कुमार से भारतीय दूतावास, सियोल में मुलाक़ात कर छत्तीसगढ़ में निवेश संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमने स्टील और खनिज से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स व फूड प्रोसेसिंग तक, मजबूत द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया है। मुख्यमंत्री साय ने दक्षिण कोरिया और छत्तीसगढ़ के बीच सांस्कृतिक एवं कारोबारी रिश्तों को रेखांकित करते हुए कहा कि इन साझेदारियों से प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, अनुसंधान एवं नवाचार और उच्च मूल्य रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ेंगे।

गणेशोत्सव



रायपुर। श्री चिकनी मंदिर गणेशोत्सव समिति द्वारा स्थापित गजानन की मनमोहक प्रतिमा।

छह माह बाद हुआ खुलासा

# जहरीली शराब पीने से हुई थी लोफंदी में ग्रामीणों की मौत

**बिलासपुर, 28 अगस्त।** कोनी थाना क्षेत्र के लोफन्दी गांव में फरवरी माह में हुई ग्रामीणों की मौत का खुलासा हो गया है. एफएसएल की जांच रिपोर्ट के अनुसार, चार लोगों की मौत जहरीली शराब पीने से हुई थी. मामले में मृत शराब कोचिए की पत्नी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है. प्रशासन ने शुरुआती जांच में फूड पॉइजनिंग को मौत की वजह बताया गया था.

बता दें कि कोनी थाना क्षेत्र के लोफन्दी में जहरीली महुआ शराब पीने से 7 लोगों की मौत हो गई. वहीं 4 लोगों को गंभीर हालत में सिम्स में भर्ती कराया गया था. ग्रामीणों के अनुसार, मौत का सिलसिला 5 फरवरी को शुरू हुआ, जब एक ग्रामीण की मौत हुई, उसके अगले दिन दो ग्रामीण और फिर याने 7 फरवरी को एक साथ चार मौते से गांव में खलबली मच गई.

ग्रामीणों ने तब भी जहरीली शराब से ग्रामीणों की मौत होने की बात कही थी. लेकिन अधिकारियों ने फूड पाइजनिंग की बात कहते हुए दावा किया था कि 5 फरवरी को कोनी में शादी के कार्यक्रम में मृतक और उनके परिवार के लोग शामिल हुए थे, और खाना खाए थे. इसके पहले तालाब से मछली मारकर भी खाए हैं. इसके साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का खुलासा होने की बात कही थी.

# रजनी ताई को दी गई श्रद्धांजलि

**रायपुर, 28 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी ने रायपुर की पूर्व प्रथम महिला विधायक के रूप में ख्यातिलब्ध रजनीताई उपासने के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। विदित रहे, बुधवार देर शाम अस्वस्थता के चलते अस्पताल में उपचार के दौरान रजनीताई का निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही भाजपा-परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने शोक संदेश में रजनीताई को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका निधन हम सबके लिए उनके आत्मीय व ममत्वपूर्ण स्नेह की शीतल छाँह की अपूरणीय क्षति है। आपातकाल के दौरान अपने तीन बेटों की मीसा में हुई गिरफ्तारी के बावजूद उन्होंने जिस धैर्य, साहस और मुखरता के साथ उन प्रतिकूल परिस्थितियों का मुकाबला किया, वह एक प्रेरणास्पद अध्याय है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव ने कहा कि रजनीताई के देहावसान का दुःखद समाचार हृदय को विदीर्ण करने वाला है। उन्होंने जिस मुखर व्यक्तित्व के साथ आपातकाल के दिनों और उसके बाद भी संगठन कौशल की मिसाल पेश की, वह भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं को सदैव प्रेरित करेगी। परमपिता परमेश्वर उनकी पावन आत्मा को चिरशांति व परिजनों को यह गहन दुःख सहने का धैर्य व सम्बल प्रदान करें।

भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने रजनीताई के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में रजनीताई को महिलाओं के राजनीतिक सशक्तीकरण के लिए हमेशा याद रखा जाएगा। अपने विधायक कार्यकाल में उन्होंने जिस विनम्रता और दृढ़ता के साथ अपनी भूमिका का निर्वहन कर जनता के दिलों में अमिट छाप छोड़ी, वह जनप्रतिनिधियों के लिए सीख है।

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने रजनीताई के निधन को पार्टी की अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि रजनीताई ने संगठन को खड़ा करने के लिए जो संघर्ष किया और आपातकाल के दिनों में जो कष्ट उठाए, उनसे उनके व्यक्तित्व की दृढ़ता और संगठन के प्रति उनके समर्पण की झलक हम सबने अनुभव की है।

# युक्तियुक्तकरणः मनमाने तरीके से पोस्टिंग देने का आरोप

## डेढ़ महीने बाद भी समस्या का समाधान नहीं, 180 टीचर्स संभागीय कमेटी के पास पहुंचे

**रायपुर, 28 अगस्त।** युक्तियुक्तकरण के बाद दी गई पोस्टिंग को लेकर शिक्षक अब भी असंतुष्ट हैं। शिक्षकों का आरोप है कि अतिशेष और रिक्त पदों पर मनमाने तरीके और करीबियों को फायदा उठाने के लिहाज से पोस्टिंग दी गई है। इस पोस्टिंग से नाराज शिक्षकों के अभ्यावेदनों का डेढ़ महीने बाद भी निराकरण नहीं हो पाया है।

नतीजतन कई शिक्षक न तो कार्यमुक्त हुए हैं और न ही कुछ शिक्षक पोस्टिंग के बाद नए स्कूल में जॉइन कर पाए हैं। अब शिक्षकों के अभ्यावेदनों पर संभाग स्तरीय सुनवाई 29 और 30 अगस्त को रखी गई है। बता दें कि शिक्षकविहीन और एकल शिक्षक स्कूल के अलावा दर्ज संख्या के आधार पर आवश्यकता वाले स्कूलों में शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया गया है।

**चहेते शिक्षकों को अतिशेष से बचाया गयाः** युक्तियुक्तकरण के लिए अतिशेष और रिक्त पदों की जानकारी जुटाई गई थी। इसके बाद अधिकांश विकासखंडों और जिलों में शिक्षकों को अतिशेष बताने और रिक्त पदों की जानकारी को लेकर काफी गोल-माल करने की बात सामने आई। चहेते शिक्षकों को अतिशेष से बचाया गया।



वहीं जिस स्कूल से अतिशेष बताकर शिक्षक को हटाया गया, वहां किसी और शिक्षक की नियुक्ति करने का मामला सामने आया। इन्हीं शिकायतों को लेकर बड़ी संख्या में शिक्षकों ने अभ्यावेदन प्रस्तुत किया। अभ्यावेदनों के निराकरण के लिए जिला, संभाग और राज्य स्तर पर समिति बनाई गई।

**अब संभाग स्तरीय समिति के सामने अभ्यावेदनों पर फिर सुनवाई होगीः** जिला स्तर पर अभ्यावेदनों का निराकरण लगभग पूरा हो चुका है। अब संभाग स्तरीय समिति के समक्ष अभ्यावेदनों पर फिर सुनवाई होनी है। जिला स्तरीय समिति के निर्णय के विरुद्ध संभाग के 184 शिक्षकों ने अभ्यावेदन प्रस्तुत किया है।

पहले दिन पहली पाली में सहायक शिक्षक और सहायक शिक्षक एलबी, दूसरी पाली में शिक्षक और शिक्षक एलबी। दूसरे दिन पहली पाली में शिक्षक और शिक्षक एलबी और दूसरी पाली में व्याख्याता और व्याख्याता एलबी के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

# एनएचएम कर्मियों के नियमितीकरण पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल का बड़ा बयान

**रायपुर, 28 अगस्त।** प्रदेश भर में नेशनल हेल्थ मिशन के तहत अस्पतालों में नियोजित कर्मचारी अपनी अलग-अलग मांगों को लेकर मोर्चा खोले हुए है। हजारों की संख्या में यह अनियमित कर्मचारी अपने नियमितीकरण और वेतन संबंधी विसंगतियों को दूर करने की मांग के साथ धरना-प्रदर्शन कर रहे है। सरकार के साथ सीधी वार्ता नहीं होने से कर्मचारियों का यह आंदोलन लम्बा खींचता जा रहा है। इसका असर अस्पतालों की व्यस्थाओं पर भी देखा जा सकता है।

**कैसे होगा नियमितीकरणः** बहरहाल इस बीच छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मीडिया से बात करते हुए दावा किया है कि, इस आंदोलन और हड़ताल से प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित नहीं हुई है। सभी अस्पताल सुचारू रूप से संचालित हो रहे हैं।

मांगो को पूरा किये जाने के संबंध में हेल्थ मिनिस्टर जायसवाल ने कहा कि, एनएचएम कर्मियो के लिए 22% वेतन वृद्धि, ट्रांसफर नीति बनाने की सहमति और 30 दिनों के चिकित्सकीय अवकाश जैसी मांगों पर सहमति दी जा चुकी है। जहाँ तक एनएचएम कर्मियों के नियमितीकरण का सवाल है तो यह मांग भारत सरकार की सहमति से पूरी हो पाएगी। इस तरह स्वास्थ्य मंत्री ने रेग्यूलाइजेशन का गेंद केंद्र के पाले में डाल दिया है।

### आयुष्मान योजना : मार्च तक का भुगतान क्लियर


परिवार कल्याण एवं स्वास्थ्य मंत्री शयाम बिहारी जायसवाल ने आयुष्मान योजना से जुड़े लंबित भुगतान पर पर चर्चा करते हुए बताया कि, अस्पतालों को मार्च 2025 तक का भुगतान क्लियर हो चुका है। निजी अस्पतालों के वही बिल बाकी, जिनमें आपत्ति आई है। आपत्तियों के निराकरण के बाद ही भुगतान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि, नए वित्तीय वर्ष के लिए 375 करोड़ जारी हो चुका है। 100 करोड़ की अतिरिक्त किस्त भी जल्द आ जाएगी। सेवाएं कही भी बंद नहीं है, सभी निजी अस्पतालों में आयुष्मान के तहत इलाज जारी है। इन सबसे अलग स्वास्थ्य मंत्री ने राजनीतिक विषयों पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी के वोट चोरी आरोप पर उन्होंने कहा कि, हर पोलिंग बूथ में कांग्रेस के लोग मौजूद रहते हैं। क्या राहुल गांधी कांग्रेस के उन पोलिंग एजेंट को भी चोर बता रहे हैं? अगर वोट चोरी हुई तो पोलिंग बूथ में उनके जो कार्यकर्ता बैठे थे वह भी चोरी में शामिल है क्या? स्वास्थ्य मंत्री ने पूछा कि, राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी अपने ही कार्यकर्ताओं पर भरोसा नहीं करते क्या? राहुल गांधी देश और प्रदेश में, गुमराह करने का माहौल बना रहे हैं। जो जिस माहौल में रहता है उसे वैसा ही नजर आता है।

**अगले माह लगेगा बड़ा झटका : राज्य सरकार ने एक अगस्त से 400 यूनिट छूट को किया समाप्त**

# बिजली बिल में महज 100 यूनिट तक ही मिलेगी छूट

**रायपुर, 28 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के रहवासियों को बीते 6 साल 5 माह से बिजली उपभोक्ताओं को चार सौ यूनिट तक की खपत पर सीधे पचास प्रतिशत की छूट मिल रही थी, इसलिए उनका बिल आधा आता था। अब सरकार ने एक अगस्त से छूट को समाप्त कर दिया है, जिसका असर सितबंर में हाथ में आने वाले बिजली बिल में दिखेगा। उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 558 से 1223 रुपए अधिक बिजली बिल का भुगतान करना होगा। राज्य सरकार द्वारा 1 मार्च 2019 से घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 400 यूनिट तक बिजली की खपत करने पर सीधे 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही थी। छूट का लाभ कम यूनिट से अधिक यूनिट तक खपत करने वाले सभी उपभोक्ताओं को मिलता था। चार सौ यूनिट से अधिक खपत करने वालों को भी चार सौ यूनिट तक आधी छूट मिलती थी। वहीं चार सौ यूनिट से अधिक की खपत की बिलिंग पूरे दर से की जाती थी। छूट के बाद उपभोक्ताओं के मासिक बिजली बिल में 558 रुपए से 1223 रुपए तक की छूट मिलती थी, इससे उनको काफी राहत मिल रही थी। यह छूट अगले माह से समाप्त हो रही है।

**मासिक बजट बिगड़ेगाः** प्रदेश सरकार ने एक अगस्त से बिजली बिल हॉफ योजना को बंद करने का निर्णय लिया है। घरेलू उपभोक्ताओं को उसका लाभ नहीं मिलेगा, इसलिए अगस्त पेड सितंबर के बिजली बिल में लोगों को पहले मिलने वाले बिजली बिल का दोगुना बिल मिलेगा। जो उनका मासिक बजट बिगाड़ने वाला होगा।



### खपत के हिसाब से कितना पड़ेगा भार

| यूनिट खपत | कुल बिल | छूट | अब | भार |
|---|---|---|---|---|
| 0-100 | 592 | 296 | 296 | 0 |
| 0-200 | 1115 | 0 | 1115 | 557 |
| 0-300 | 1223 | 0 | 1223 | 890 |
| 0-400 | 2446 | 0 | 2446 | 1223 |
| 0-500 | 3228 | 0 | 3228 | 1223 |
| 0-600 | 4010 | 0 | 4010 | 1223 |

**गरीब और मध्यमवर्गीय उपभोक्ताओं पर पड़ेगा असर :** जिसका सीधा असर गरीब और मध्यमवर्गीय उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। उनको प्रतिमाह खपत के हिसाब से 558 से 1223 रुपए अधिक बिजली बिल का भुगतान करना पड़ेगा। वहीं राज्य सरकार द्वारा 100 यूनिट से कम खपत करने वाले उपभोक्ताओं को ही पचास प्रतिशत छूट का लाभ देने की घोषणा की गई है।

**उपभोक्ताओं को लगेगा तिहरा प्रहार :** सितंबर माह में उपभोक्ताओं को बिजली बिल के मामले में तिहरा प्रहार पड़ेगा। अगस्त में उसम भरी गर्मी से राहत पाने के लिए लोगों ने धड़ल्ले से कूलर और एसी का उपयोग किया, जिससे खपत बढ़ गई.। वहीं राज्य सरकार ने एक जुलाई से बिजली दर में वृद्धि कर दी है, इसलिए उपभोक्ताओं को 14 पैसे प्रति यूनिट अधिक बिल का भुगतान करना पड़ रहा है। एक अगस्त से बिजली बिल हॉफ योजना को बंद कर दिया गया है, जिसका सीधा असर हजारों घरेलू उपभोक्ताओं पर पड़ेगा।

**100 यूनिट में सब्सिडी, खपत करने वाले कम :** सिटी सर्किल के दोनों डिवीजन में घरेलू उपभोक्ताओं को पहले पचास प्रतिशत छूट का लाभ मिल रहा था। जो एक अगस्त से समाप्त हो गया है। शासन ने सिर्फ 100 यूनिट और उससे कम खर्च करने वाले उपभोक्ताओं को ही बिजली बिल हॉफयोजना का लाभ देने का निर्णय लिया गया है। शहरी क्षेत्र में आजकल सौ यूनिट से कम खपत करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या काफी कम है, इसलिए योजना का लाभ गिनती के लोगों को मिल सकेगा।

# प्रदेश के दो शिक्षक दिल्ली में होंगे सम्मानित

## 64 टीचर्स को राज्यपाल करेंगे पुरस्कृत

**रायपुर, 28 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के दो शिक्षक, प्रज्ञा सिंह और संतोष कुमार चौरसिया को दिल्ली में पांच सितंबर को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार मिलेगा। इसके अलावा प्रदेश भर के 64 शिक्षकों को राज्यपाल रमन डेका उत्कृष्ट शिक्षा सम्मान देंगे। ये कार्यक्रम 5 सितंबर को सुबह 11 बजे राजभवन में होगा। समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे, जबकि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। चयनित शिक्षकों की सूची लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी कर दी है। इन सभी शिक्षकों का रिहर्सल चार सितंबर को होगा।

चयनित शिक्षकों को चार सितंबर को शंकर नगर स्थित राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के गेस्ट हाउस में सुबह आठ बजे पहुंचना होगा। शिक्षकों के साथ आने वाले किसी भी व्यक्ति या परिजनों को ठहरने की अनुमति नहीं होगी और उन्हें राजभवन में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। चार सितंबर को सुबह 11 बजे राजभवन के दरबार हाल में कार्यक्रमों का रिहर्सल किया जाएगा, जिसमें चयनित शिक्षकों शामिल होंगे। पांच को फोटोग्राफर की व्यवस्था होगी, जहां शिक्षक फोटो प्राप्त कर सकेंगे। फोटोग्राफर का भुगतान शिक्षकों को स्वयं करना होगा। उल्लेखनीय है कि सम्मानित शिक्षकों के नामों की घोषणा एक वर्ष पूर्व की जाती है, जिससे 2024-25 सत्र के शिक्षकों का सम्मान होगा। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार देशभर के 45 शिक्षकों का चयन किया गया है, इनमें छत्तीसगढ़ के दो शिक्षक डॉ प्रज्ञा सिंह और संतोष कुमार चौरसिया भी शामिल हैं।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26